दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



चाहिए परफेक्ट लुक तो साड़ी पहनते वक्त रखें......



दमकती रहे आपकी त्वचा......

वर्ष : 10 | अंक : 126 | लखनऊ, 16 अप्रैल, मंगलवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# लालू जी आबादी बढ़ाएं, मोदी जी आवास बढ़ा रहे : योगी

- बिहार के चुनावी समर में गरजे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
- सीएम योगी ने नवादा से उम्मीदवार विवेक ठाकुर के पक्ष में की जनसभा
- अपील : राजनीति का अपराधीकरकण करने वालों की गर्मी निकाल दीजिए
- मोदी जी भारत को डिजिटल युग में ले जा रहे, राजद वाले लालटेन युग की तरफ ढकेल रहे : योगी
- सीएम : कांग्रेस ने कभी भी कर्पूरी ठाकुर का सम्मान नहीं किया, उन्हें 'भारत रत्न' मिलने से बिहारवासियों का सम्मान बढ़ा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नवादा** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बिहार के नवादा में विजय संकल्प रैली को संबोधित किया। यहां से भाजपा उम्मीदवार विवेक ठाकुर के पक्ष में कमल खिलाने की अपील की। एक तरफ सीएम योगी ने विकास कार्यों के बलबूते एनडीए गठबंधन के लिए वोट की अपील की तो दूसरी तरफ कांग्रेस व राजद को खूब धोया। उन्होंने अंधेरगर्दी युग को याद दिलाकर राजद को घेरा तो महापुरुषों का सम्मान करने वाली भाजपा को संकल्पों को भी याद दिलाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्थानीय भाषा में लोगों का अभिवादन किया।

## राजद व उनके लोग लालटेन युग की तरफ पीछे ढकेल रहे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निशाने पर राष्ट्रीय जनता दल रहा। उन्होंने कहा कि इस बात की गारंटी है कि दिल्ली से पैसा अब सीधे अकाउंट में आता है। विकास कार्यों को गिनाते हुए सीएम योगी ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में पिछले 10 वर्ष में चार करोड़ गरीबों को मकान मिले हैं। अगले पांच वर्ष में तीन करोड़ और मकान बनाएंगे। ईश्वर लालू जी को स्वस्थ करें, वह आबादी बढ़ाएं और भाजपा आवास बनाने का कार्य करेगी। एक तरफ मोदी जी भारत को डिजिटल युग में ले जा रहे हैं तो दूसरी तरफ राजद व उनके लोग लालटेन युग की तरफ पीछे ढकेल रहे हैं।

## कांग्रेस व सहयोगियों ने जयप्रकाश बाबू व कपूर्री ठाकुर को सम्मान नहीं दिया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नवादा देश के लोकतंत्र को बचाने वाले स्व. जयप्रकाश बाबू की पावन कर्मभूमि और पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कपूर्री ठाकुर की पावन धरा है। बिहार ने देश को सब कुछ दिया। संविधान निर्माण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र बाबू, पूर्व मुख्यमंत्री कृष्ण बाबू इसी जमीं के हैं। कांग्रेस व उनके सहयोगियों ने कभी जयप्रकाश जी, कपूर्री ठाकुर को सम्मान नहीं दिया, लेकिन पीएम मोदी व भाजपा ने कपूर्री ठाकुर को 'भारत रत्न' देकर बिहार वासियों को सम्मान दिया। इसे लोकतंत्र की प्रारंभिक भूमि के रूप में जाना जाता है। यह देश के इतिहास को बनाने व लोकतंत्र का पाठ पढ़ाने वाली भूमि है। लोकतंत्र के सामने सबसे बड़ा संकट राजनीति का अपराधीकरण, अपराधियों का राजनीतिकरण रहा। जातिवादी-परिवारवादी राजनीति लोकतंत्र में सबसे बड़ी बाधा है।



## धारा-370 जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से अलग करती थी

सीएम योगी ने कहा कि सुरक्षित माहौल में ही विकास की परिकल्पना को बढ़ा सकते हैं। 2019 के पहले जम्मू-कश्मीर के अंदर शेष भारत का कोई नागरिक जमीन नहीं खरीद सकता था। धारा-370 जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से अलग करती थी। पीएम मोदी व गृह मंत्री अमित शाह ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार करते हुए धारा-370 समाप्त किया। सीएम ने कहा कि रामलला विराजमान हुए अयोध्या में, उत्साह-उमंग था बिहार में। रामलला मंदिर के लिए सबसे पहला उपहार बिहार से ही आया था। उन्होंने कहा कि नौजवानों को 10 लाख रुपये तक का ब्याज फ्री लोन मिलता था। संकल्प पत्र में कहा गया कि अब यह राशि बढ़ाकर 20 लाख कर दी गई।

## राजद को रंगदारी वसूली से फुर्सत नहीं थी

सीएम योगी ने कहा कि राजद को रंगदारी वसूली से फुर्सत नहीं थी, लेकिन भाजपा-एनडीए सरकार में रंगदारी नहीं हो सकती। राजद व सहयोगी दल के लोग तमंचा लहराने वाले लोग हैं, इन्हें टैबलेट से क्या मतलब। भाजपा व सहयोगी दल डिजिटल इंडिया के जरिए आत्मनिर्भर भारत व विकसित भारत की परिकल्पना को साकार बनाने के सारथी के रूप में बढ़ाना चाहते हैं, लेकिन राजद व सहयोगी दल डिजिटल इंडिया का विरोध करते हैं।

## राजनीति का अपराधीकरकण करने वालों की गर्मी निकाल दीजिए

सीएम ने कहा कि यूपी में तिनका भी नहीं हिलता। हमने सिर्फ अयोध्या में ही रामलला को विराजमान नहीं किया है, बल्कि माफिया व अपराधियों को राम-नाम सत्य की यात्रा पर भी भेज दिया। कुछ जेल चले गए, कुछ जहन्नुम चले गए। कुछ लोगों की यात्रा स्वतः ही आगे बढ़ गई है। यह काम केवल भाजपा कर सकती है। यूपी जैसा हाल आप भी बिहार में चाहते हैं तो 19 अप्रैल को कितनी भी गर्मी हो, परवाह नहीं करना। आप कमल खिलाइए और राजनीति का अपराधीकरण करने वालों की गर्मी निकाल दीजिए।

## जूझने का जज्बा रखते हैं विवेक ठाकुर

सीएम ने कहा कि 2022 में मैं विधानसभा चुनाव लड़ रहा था तो विवेक ठाकुर छह महीने-साल भर तक उप्र में कैंप किया था।

# विदेश में भारतीय छात्रों की मौत के बढ़ते मामले सरकार के लिए बड़ी चिंता का विषय : जयशंकर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

बेंगलुरु। अमेरिका में भारतीय छात्रों पर हिंसक हमलों में वृद्धि के बीच विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि ऐसे मामले जुड़े हुए नहीं हैं लेकिन निश्चित रूप से सरकार के लिए एक बड़ी चिंता का विषय हैं। हमलों में कई भारतीय छात्रों की जान भी गई है। उनके अनुसार, कुछ छात्रों की हत्या व्यक्तिगत कारणों से की गई, जबकि अन्य दुर्घटना के शिकार हुए। जयशंकर ने विदेश में हिंसक हमलों का शिकार बनने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में वृद्धि के बारे में पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए



कहा, जाहिर है, हर मामले में जहां भी छात्रों के साथ कुछ भी दुर्भाग्यपूर्ण हुआ है, यह परिवार के लिए बड़ी त्रासदी है और हमारे लिए एक बड़ी चिंता है, लेकिन हमारे दूतावास या वाणिज्य दूतावास ने हर मामले को देखा है और वे (मामले) वास्तव में आपस में जुड़े नहीं हैं। उन्होंने कहा कि दूतावासों को निर्देश दिया गया है कि वे छात्रों के साथ संपर्क में रहें और उनके साथ बातचीत करें, ताकि उन्हें विशेष रूप से शहरों के खतरनाक इलाकों से बचने के बारे में चेतावनी दी जा सके। उन्होंने कहा कि विभिन्न देशों में 11 लाख से 12 लाख भारतीय छात्र रहते हैं। जयशंकर ने कहा, छात्रों का कल्याण बहुत महत्वपूर्ण है। जैसा कि मैंने कहा, बाहर जाने वाले हर भारतीय को मोदी की गारंटी है। छात्र कल्याण हमारे लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

# हमारे लिए आस्था का विषय है राम मंदिर, विपक्ष ने बनाया राजनीति का हथियार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को विपक्ष पर राम मंदिर को 'राजनीतिक हथियार' के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। समाचार एजेंसी एएनआई को दिए एक साक्षात्कार में, प्रधान मंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधा और अयोध्या में मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' या अभिषेक समारोह में शामिल नहीं होने के उसके फैसले पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जब हमारा जन्म भी नहीं हुआ था, जब हमारी पार्टी का जन्म भी नहीं हुआ था। उस वक्त ये मामला कोर्ट में निपट सकता था। समस्या का कोई समाधान हो सकता था।

मोदी ने कहा कि जब भारत का



बंटवारा हुआ, तो बंटवारे के वक्त वे ये तय कर सकते थे कि ऐसा-ऐसा करेंगे। ऐसा नहीं किया गया. क्यों? क्योंकि ये उनके हाथ में एक हथियार की तरह है, वोट बैंक की राजनीति का हथियार है। कांग्रेस और विपक्षी दलों पर अदालत के फैसले में देरी करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, "यहां तक कि जब मामला अदालत में चल रहा था, तब भी उन्होंने अदालत के फैसले में देरी करने की कोशिश की। क्यों? क्योंकि उनके लिए, यह एक राजनीतिक हथियार था, वे कहते रहे कि राम मंदिर बनाएंगे, तुम्हें मार डालेंगे।"

नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह वोट बैंक को खुश करने का एक तरीका था। अब क्या हुआ? राम मंदिर बन गया, कोई अप्रिय घटना नहीं हुई और वो मुद्दा उनके हाथ से निकल गया। भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू पर परोक्ष हमला बोलते हुए मोदी ने कहा, "दूसरा, उनका स्वभाव। देखिए सोमनाथ मंदिर से लेकर अब तक की घटनाएं। सोमनाथ मंदिर से क्या समस्या थी? डॉ. राजेंद्र बाबू जाना चाहते थे। न कोई जनसंघ था, न कोई भाजपा। लेकिन उन्होंने उसे जाने से मना कर दिया।"

प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण ठुकराने के लिए कांग्रेस की आलोचना करते हुए मोदी ने कहा आपको गर्व होना चाहिए कि जिन लोगों ने राम मंदिर बनाया है, जिन्होंने इसके लिए संघर्ष भी किया है, वे आपके सारे पाप भूल जाते हैं। वे आपके घर आते हैं और आपको आमंत्रित करते हैं। और वे नई शुरूआत करना चाहते हैं। आप भी उन्हें अस्वीकार करें। उन्होंने कहा कि फिर तो ऐसा लगता है कि वोट बैंक ने आपको लाचार बना दिया है। और उस वोट बैंक की वजह से ऐसी चीजें होती रहती हैं। और ये...किसी को नीचा दिखाना, किसी का अपमान करना, ये उनका स्वभाव है। मोदी ने कहा कि जहां तक रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की बात है तो उन्हें न्योता मिला, लेकिन उन्होंने ठुकरा दिया... जबकि उन्हें गर्व होना चाहिए था। इससे स्पष्ट होता है कि उनके लिए वोटबैंक ही सबसे जरूरी है। ये किसी को नीचा दिखाना अपना अधिकार मानते हैं।

## आयातित कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को 15 अक्टूबर तक पूरी क्षमता से काम करने का निर्देश

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, बिजली मंत्रालय ने देश में बढ़ती मांग के बीच बिजली की कमी से बचने के लिए आयातित कोयले का उपयोग करने वाले सभी ताप विद्युत संयंत्रों को 15 अक्टूबर त्यानी अगले साढ़े तीन महीने तक पूरी क्षमता पर काम करने को कहा है। मंत्रालय ने इस साल गर्मी के मौसम (अप्रैल से जून) में 260 गीगावाट की अधिकतम बिजली मांग का अनुमान लगाया है। सितंबर, 2023 में अधिकतम बिजली की मांग 243 गीगावाट के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई थी।

# पश्चिम की हवा करेगी भाजपा का सूपड़ा साफ : अखिलेश

भाजपा का जुमला और गारंटी भाई-भाई

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को दावा किया कि पश्चिम उत्तर प्रदेश में मतदान की लहर देश से भाजपा का सफाया कर देगी। मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर सपा प्रत्याशी हरेंद्र मलिक के पक्ष में बघाड़ा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह खास चुनाव है और इस बार माहौल अलग है। उन्होंने कहा कि हर वर्ग के लोग बीजेपी के खिलाफ खड़े हो गए हैं और जानते हैं कि यूपी से उसका सफाया हो जाएगा।

यूपी के पूर्व सीएम ने कहा कि आज 24 घंटे बिजली की आपूर्ति सपा सरकार की पहल थी। सपा सरकार ने सड़क पर एम्बुलेंस उपलब्ध कराईं। डायल 100 नंबर की व्यवस्था सपा सरकार ने ही की थी। अब भाजपा सरकार में पुलिस ने वसूली बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार ने युवाओं को लैपटॉप देकर के डिजीटल डिवाइड को खत्म करने का काम किया था। इस बार भी अगर युवाओं ने मदद किया तो आपको खराब वाला राशन नहीं, हम आपको पौष्टिक आटा और डाटा भी देंगे।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि ये सरकार किसानों की नहीं हैं ये सरकार बड़े-



बड़े उद्योगपतियों की है। यह सरकार हमारे गरीब किसानों की नहीं है, अगर गरीब किसानों की सरकार होती तो हमारे किसानों का भी कर्जा माफ करती, हमारे किसानों को एमएसपी दे देती। जैसे ही कठऊकअ गठबंधन की सरकार बनेगी किसानों का कर्जा माफ करेंगे। उन्होंने दावा किया कि जब से बीजेपी की सरकार देश में आई है पूरे देश में 1 लाख किसानों ने आत्महत्या की है। जो आत्महत्याएं की किसानों ने कोई मदद इस सरकार ने नहीं की है। जो हमारे किसान 3 काले कानून के खिलाफ लड़े शहीद हो गए उनकी कोई मदद इस सरकार ने नहीं की।

यादव ने कहा कि ये जो सरकार नारा दे रही है 400 पार, इन्हें पता नहीं है मुजफ्फरनगर, कैराना, मेरठ, बिजनौर, नगीना, सहारनपुर नारा लग रहा है, 400 हार। सोचिए जिस सरकार के खिलाफ किसान और नौजवान खड़ा हो जाए तो वो सरकार निपट जाएगी कि नहीं निपट जाएगी। उन्होंने कहा कि 80 परसेंट नौजवान बिना नौकरी का है, बताओ जब युवा बिना रोजगार और बिना काम के होगा तो उसकी शादी कहां से होगी? ये बीजेपी वाले नहीं चाहते हैं कि हमारे नौजवान का भविष्य बेहतर हो, उनके सपने पूरे हों। मोदी पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि पहले जुमला लेकर आए थे, अब गांरटी लेकर आ गए हैं। अगर जुमला और गांरटी भाई-भाई हैं, तो जुमले से गांरटी 10 साल बड़ा भाई है।

# अमेठी-रायबरेली में बसपा नहीं देगी कांग्रेस को वॉकओवर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमों मायावती पर अक्सर बीजेपी के प्रति नरम रवैया रखने का आरोप लगता रहता है। ऐसा करके एक तरफ समाजवादी पार्टी अपनी प्रतिद्वंदी बसपा को राजनैतिक क्षति पहुंचाने की कोशिश करती है तो दूसरी ओर इसके जरिये सपा प्रमुख अखिलेश यादव मुस्लिम वोटरों को भी बसपा से दूर रखने की साजिश रचते हैं। इसके अलावा बसपा पर इस बात का भी मनोवैज्ञानिक दबाव बनाया जा रहा है कि वह इंडी गठबंधन में शामिल राजनैतिक दलों के खिलाफ अपना प्रत्याशी नहीं उतारे। यानी सपा और कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को बसपा वॉकओवर दे दे, लेकिन बसपा सुप्रीमो मायावती न तो एनडीए और न ही इंडी गठबंधन को किसी तरह की रियात देने के मूड में हैं। कांग्रेस की पुस्तैनी लोकसभा सीट समझी जाने वाली अमेठी और रायबरेली सीटों पर भी बसपा अपना प्रत्याशी खड़ा करने जा रही है। गौरतलब हो कि रायबरेली में कांग्रेस अध्यक्ष रहीं सोनिया गांधी इस बार चुनाव मैदान में नहीं उतर रही हैं। ऐसे में यहां से कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के चुनाव मैदान में उतरने की चर्चाएं हैं।

# भारत के पास दुश्मन के इलाके पर हमला करने की ताकत

आज हर घर और सरकारी भवन में तिरंगा ऊंचा लहरा रहा : राजनाथ

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की सभी सीटों पर भारतीय जनता पार्टी जीतेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व के अधिकांश देश कोविड के संकट से प्रभावित थे। भारत की हालत तो ये थी कि यहां पर कोविड के संकट से निजाद दिलाने के लिए हमारे पास वैक्सीन नहीं थी। आज मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि भारत में शायद ही ऐसा कोई नागरिक हो जिसे कोविड की दो या तीन डोज नहीं लगी होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर मोर्चे पर दुनिया का सबसे मजबूत देश बनकर उभरा है। हमने 28 सितंबर को सर्जिकल स्ट्राइक के जरिए अपनी ताकत साबित की। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में





नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और कांग्रेस जैसे क्षेत्रीय दलों ने अपने राजनीतिक लाभ के लिए अनुच्छेद 370 का दुरुपयोग किया। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि मैंने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की कश्मीर में बर्फ से खेलते हुए तस्वीरें देखीं। अगर अनुच्छेद 370 अभी भी वहां होता तो वे बर्फ से कैसे खेल सकते थे? महबूबा मुफ्ती ने एक बार कहा था कि 'खून की नदियां बहंगी जम्मू-कश्मीर में अगर धारा 370 जाएगी।' मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि जम्मू-कश्मीर में खून की नदियां नहीं, विकास और समृद्धि के साथ दूध और पानी की धाराएं बहेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगर अनुच्छेद 370 हट जाएगा तो जम्मू-कश्मीर में कोई भी 'तिरंगा' नहीं उठाएगा, लेकिन आज हर घर और सरकारी भवन में तिरंगा ऊंचा लहरा रहा है। भाजपा के संकल्प पत्र में प्रधान मंत्री मोदी ने 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को मुफ्त इलाज में शामिल करने का आश्वासन दिया है, चाहे वे किसी भी आय वर्ग के हों। पीएम मोदी के अलावा और कौन ऐसा कर सकता है।

# आदिवासी, वनवासी, ग्रामीण या शहरों में रहने वाली हर कन्या देवी है : राज्यपाल

- प्रेरणा संस्था की ओर से चैत्र-नवरात्रि को 2100 कन्याओं का भव्य पूजन एवं वंदन कार्यक्रम का आयोजन
- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि लड़कियों की शिक्षा और सुरक्षा समाज और सरकार का प्रथम कर्तव्य
- 200 से अधिक महिलाओं ने कार्यक्रम की शुरूआत में कन्याओं के चरण धोये एवं तिलक लगाया
- सेवा बस्तियों में रहने वाले बच्चों द्वारा बनाये गए सामान देखकर राज्यपाल एवं अतिथिगणों ने की सराहना

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के मार्गदर्शन से संचालित संस्था 'प्रेरणा' की ओर से सोमवार को चैत्र-नवरात्रि के दिन 2100 कन्याओं का भव्य पूजन एवं वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोमतीनगर विस्तार स्थित सीएमएस ऑडिटोरियम में मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इस अवसर पर कहा कि जिस प्रकार हम भारत माता की पूजा करते हैं, ठीक उसी प्रकार हमें कन्याओं की भी पूजा करते हैं। इसका पर्याय यह है कि यही बच्चियॉ बड़ी होकर एक आदर्श समाज का निर्माण करती हैं। आदिवासी, वनवासी, ग्रामीण या शहरों में रहने वाली हर कन्या देवी है। इनकी शिक्षा और सुरक्षा हमारा प्रमुख दायित्व है। इस अवसर पर लखनऊ की पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया, विशिष्ठ अतिथि के रूप में आरएसएस के क्षेत्र प्रचारक अनिल जी व प्रांत प्रचारक कौशल जी, क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख सुभाष जी, सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं राष्ट्रधर्म पत्रिका के निदेशक मनोजकांत जी, विश्व संवाद केंद्र के प्रमुख डॉ उमेश, क्षेत्र प्रचारिका शशि, सह प्रांत संघचालक सुनीत खरे, राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री, स्वतंत्र प्रकाश, पीएन द्विवेदी और पूर्व राज्य सूचना आयुक्त सुभाष सिंह, एकल विद्यालय अभियान के माधवेंद्र जी, प्रशांत भाटिया एवं डॉ सुनीता गांधी सहित समाज के विभिन्न वर्गों के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## कन्याओं के चरण धोये एवं तिलक लगाया

सेवा बस्तियों में रहने वालीं 2100 कन्याओं का 'प्रेरणा परिवार' द्वारा सोमवार को सुबह 10:00 बजे चैत्र-नवरात्रि के पावन अवसर पर पूजन-वंदन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कई संभ्रांत परिवारों की 200 से अधिक महिलाओं ने कार्यक्रम की शुरूआत में कन्याओं के चरण धोये एवं तिलक लगाया। इसके बाद राष्ट्रगान के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम आरम्भ किये गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कन्याओं के चरण धोये। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हर परिवार की जिम्मेदारी है कि वह वह अपनी कन्याओं को उचित शिक्षा दे। यही कन्यां देवी का स्वरूप हैं। वह बड़ी होकर समाज का उन्नत विकास करने में अहम योगदान देती हैं। बेटी चाहे आदिवासी समाज की हो या पिछड़े बसतियों में रहने वाली उन्हें उचित शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था मिलनी चाहिये। समाज के हर व्यक्ति का दायित्व है कि वह कन्याओं का विशेष ध्यान रखे। इस बीच उन्होंने मातृशक्तियों के सन्दर्भ में कहा कि एक महिला जब गर्भावस्था से गुजर रही होती है तो वह जो खाती है। पीती है। पढ़ती है, उसका गर्भ में पल रहे शिशु पर बहुत प्रभाव पड़ता है। वहीं, उन्होंने महिलाओं में बढ़ते सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर के प्रति चिंता प्रकट करते हुये कहा कि इन रोगों से ग्रसित होकर कई महिलां अकाल ही अपनी प्राण गँवा देती हैं। ऐसे में भाजपा ने अपने घोषणापत्र में वैक्सीन लाने की बात कही है। ऐसे में आवश्यक है कि जब यह वैक्सीन उपलब्ध हो जाए तो लोग अपनी बच्चियों को यह वैक्सीन लगवां। कोरोना काल में जिस प्रकार लोगों ने वैक्सीन के प्रति जागरूकता दिखाई थी, ठीक उसी प्रकार इस वैक्सीन योजना को भी सफल बनाना है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

ज्ञात हो कि 'प्रेरणा परिवार' भारत की पारम्परिक रितियों को व्यापक रूप देते हुए समाज में समरसता का संदेश संचारित करने का कार्य करती है। इसी ध्येय वाक्य के अन्तर्गत कार्यक्रम के प्रारम्भ में विभिन्न सेवा बस्तियों से आमंत्रित की गईं 2100 कन्याओं की पूजा की गई। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपस्थित जनसमूह के सामने कुछ बच्चों ने महिषासुरमर्दिनी स्त्रोत पाठ एवं जय अम्बे गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। बच्चों ने कार्यक्रम में के लिए अपनी पोषाक भी स्वयं ही बनाई थी। इसके बाद माता अम्बे की आरती का कर्णप्रिय गायन गायक ओंकार जी ने प्रस्तुत किया। साथ ही, रूबिक्स क्यूब्स के माध्यम से आरएसएस के आद्य सरसंघचालक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं क्षेत्र प्रचारक अनिल जी की तस्वीर बनाई थी, जिसकी सबने सराहना की। अंत में बच्चों को राज्यपाल एवं अन्य अतिथियों ने अपने हाथों से कन्या भोग कराने के साथ ही उपहार स्वरूप 2100 व्यवस्थित स्टेशनरी किट बॉटे।

## लेखपाल ने तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण कराने का कराया मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। नगर निगम के लेखपाल सुधांशु श्रीवास्तव ने सरोजनीनगर के फरुर्खाबाद चिल्लावां निवास सुरेंद्र नामक व्यक्ति पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण कराने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। लेखपाल सुधांशु श्रीवास्तव का कहना है कि सरोजनीनगर के फरुर्खाबाद चिल्लावां स्थित खसरा संख्या - 608, रकबा 0.3540 हेक्टेयर राजस्व अभिलेखों में तालाब दर्ज भूमि है। जिसमें 600 वर्ग फुट पर सुरेंद्र द्वारा दीवार बनाकर अवैध कब्जा किया जा रहा है। लेखपाल का कहना है कि उसने इस निर्माण को रुकवा दिया, लेकिन इसके बावजूद रुक रुक कर निर्माण कराया जा रहा है। फिलहाल लेखपाल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## इश्क का खौफनाक अंत : प्रेमिका की मौत के वियोग में प्रेमी ने भी तोड़ा दम

## विवाहिता रीना मौर्या की पीएम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की हुई पुष्टि

- प्रेमी प्रेमिका की मौत, क्षेत्र में बनी चर्चा का विषय
- पिता ने बेटे का पैतृक जमीन पर अंतिम संस्कार करने से किया माना

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रविवार को जहर खाने के बाद जिंदगी मौत से जूझते हुए सोमवार को रीना मौर्य के प्रेमी आनंद गुप्ता (32) की भी मौत हो गई। परन्तु आनंद के चाल चलन से नाराज पिता रामविलास शव लेने के लिए मचुर्री नहीं पहुंचे तब पुलिस ने रामविलास के पड़ोसियों/रिश्तेदारों को शव लेने के लिए राजी कर गावं भिजवा दिया। आनंद की मौत की खबर सुनकर आनंद की पत्नी विनीता भी बच्चों सहित ससुराल जमोलिया पहुंची परन्तु ससुर रामविलास के अड़ियल रवैया से परेशान शव के अन्तिम संस्कार में शामिल होने के लिए ससुर के हाथ पैर जोड़कर मनाया तब भी रामबिलास ने पैतृक जमीन पर बेटे के शव का अंतिम संस्कार नहीं होने दिया। तब पुलिस और ग्राम प्रधान की पहल पर शव का अंतिम संस्कार ग्राम पंचायत की जमीन पर किया गया।

रविवार सुबह मलिहाबाद नगर पंचायत के मोहल्ला मिजार्गंज सेमरा तालाब के पास हसीन खां के अर्ध निर्मित मकान में रीना मौर्य (30) का शव पुलिस को पड़ा मिला था जिसके मुंह से झाग और कान से खून निकल रहा था और शव के पास से पुलिस को जहर की शीशी भी मिली थी. पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पति राम भजन ने प्रेमी आनंद गुप्ता पर पत्नी को जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया था। और पीएम रिपोर्ट में रीना की गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई. परंतु दो घंटे बाद ही अर्ध्य बेहोशी की हालत में आनंद गुप्ता वेसुध अवस्था में



मृतक आनंद२ फाइल – फोटो

मलिहाबाद कस्बे के गल्ला मंडी में पड़ा मिला था। उसे भी पुलिस ने बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया था। पति राम भजन के अनुसार पत्नी रीना शनिवार दोपहर 1 बजे घर से चली गयी थी. और रविवार सवेरे पुलिस से जानकारी मिली पत्नी का शव तालाब के किनारे कब्रिस्तान के पास म्रत अवस्था में पड़ा मिला था। राम भजन ने सवाल उठाया कि बिना प्रेमी आंनद की सांठगांठ के बैगर घर से एक किलोमीटर दूर सेमरा तालाब के पास अर्ध निर्मित मकान में कैसे पहुंच गई। पिता ने कहा बेटे का चाल चलन ठीक न होने पर आनंद को घर से निकाला दिया था। पति राम भजन के मुताबिक रीना की हत्या शनिवार को हो गई थी। क्योंकि रविवार को पोस्टमार्टम के बाद मिले शव से बदबू आ रही थी। पिता रामबिलास के मुताबिक बेटे आनन्द का विवाह वर्ष 2017 में जनपद सीतापुर से हुआ था। लेकिन चाल चलन ठीक न होने के कारण पत्नी बच्चों को लेकर मायके चली गई थी। दो वर्ष पूर्व पिता रामबिलास ने आनंद को घर से निकाल दिया था। परिवार में माता शिवपति, भाई सुगंध है। इस संम्बध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि हालात बयां करते हैं की प्रेमी आनंद ने सेमरा तालाब से थोड़ी दूरी पर रह रहे आनंद गुप्ता ने मिलने के लिए रीना को अधूरे मकान में बुलाया था जंहा किसी बात को लेकर रीना को धोखे से गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया. पीएम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की हुई पुष्टि रीना की मौत की खबर सुनकर प्रेमी ने खुद जहर पीकर मौत को गले लगा लिया। पति राम भजन के अनुसार हत्या शनिवार को हो गई थी क्योंकि रविवार को पोस्टमार्टम के बाद मिले रीना के शव से बदबू आ रही थी. पूरे क्षेत्र में यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है।

### सात वर्ष पूर्व सीतापुर जनपद से हुई थी आनंद की शादी

प्रेमी आनंद गुप्ता की शादी विनीता से सात वर्ष पूर्व 2017 में सीतापुर जनपद से हुई थी। इसके दो बच्चे रामजी व श्यामजी हैं। आनंद गुप्ता के चालो चलन से परेशान होकर विनीता बच्चों को लेकर अपने मायके सीतापुर में रह रही थी।

## चलती कार बनी आग का गोला, बाल-बाल बचे कार सवार



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र के बल्दी खेडा मोड पर सोमवार शाम एक चलती कार में अचानक धुएं निकलने के साथ बोनट से आग की लपटे उठने लगीं कार में आग लगा देख कार सवार गाडी छोड़ बाहर की ओर निकल गए थोड़ी ही देर में कार धूं धूं कर जलने लगीं जिसे देख सड़क पर हड़कंप मच गयो कार सवार मौके से गाड़ी छोड़ फरार हो गए लोगो की सूचना पर पहुंची एक दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया लेकिन तबतक कार बुरी तरह से जलकर क्षतिग्रस्त हो गई थीं फायर टीम के अनुसार शार्ट शर्किट से कार में आग लगी थीं कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि सोमवार शाम थाना क्षेत्र स्थित कानपुर रोड बल्दी खेडा मोड पर आई -10 कार नम्बर यूपी 32 डीपी 1012 में शार्ट शर्किट से आग लग गई थी।जिसपर दमकल की एक गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया। पुलिस के अनुसार कार ट्रांसपोर्ट नगर निवासी चांदनी कुशवाहा पुत्री चंद्रभान कुशवाहा चला रही थी। वह आलमबाग की तरफ से ट्रांसपोर्ट नगर अपने घर जा रही थी उस दौरान कार में अचानक शार्ट शर्किट से आग लग गई थी।

## विद्युत करंट की चपेट में आकर विवाहिता की मौत,

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। बिजनौर इलाके में सोमवार सुबह एक विवाहिता की विद्युत करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बिजनौर थाना प्रभारी अरविंद कुमार राणा के मुताबिक मूल रूप से सुल्तानपुर निवासी ट्रक ड्राइवर रामभरोसे वर्मा काफी दिनों से बिजनौर के छुहाराखेड़ा में मकान बनाकर परिवार सहित रहते हैं। सोमवार सुबह करीब 6 बजे राम भरोसे की पत्नी सुमिता वर्मा (31) घर के अन्दर बाथरूम में नहाने गई थी। तभी बाथरूम में लगे बल्ब से बिजली का करंट बाथरूम के दरवाजे पर आ गया और उसकी चपेट में आकर सुमिता गंभीर रूप से झुलस गई। घटना की जानकारी होते ही परिजन आनन फानन सुमिता को लोक बंधु अस्पताल ले गए। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## युवती से सरेराह युवक ने की छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

लखनऊ।निगोहां थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते रविवार को युवती पर बुरी नजर रखे युवक ने उसे अकेला देखकर बदनियती से हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की।युवती के विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गालौज करते हुये जान से मारने की धमकी दी।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुट गयी है।निगोहां के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया गांव में रहने वाला युवक देशराज उस पर बुरी नजर रखे था ओर रास्ते में आते जाते जबरन बात करने का दबाब बनाता था, बीते रविवार की सुबह साढे नौ बजे के करीब सरेराह उसे अकेला देख बदनियती से उसका हाथ पकड़कर घसीट कर छेड़छाड़ करने लगा।चीखने चिल्लाने के साथ ही विरोध जताने पर आरोपी गाली गालौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकला।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़ित की शिकायत पर आरोपी युवक के विरूद्व छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर हिरासत में लेकर शांतिभंग में चालान किया गया।

## पत्रकार से अभद्रता मामले में दरोगा निलंबित

अमन लेखनी समाचार

**मोहनलालगंज लखनऊ,** मोहनलालगंज क्षेत्र के खुजौली चौकी प्रभारी यशवंत सिंह को एक निजी दैनिक समाचार पत्र के प्रतिनिधि से अभद्रता व मारपीट करना महंगा पड़ गयो जिसकी शिकायत प्रतिनिधि ने पुलिस सहायक आयुक्त राधा रमन सिंह से की जाँच में दोषी पाए जाने पर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी ने उपनिरीक्षक के निलंबन का आदेश जारी करते हुऐ विभागीय जांच का आदेश दिये मनबढ़ चौकी प्रभारी की शिकायते पूर्व में भी सामने आयी थी लेकिन मामलो में बचता चला आ रहा था। लेकिन रविवार रात्रि एक फर्नीचर दुकानदार से दबंगई करता देख मौके पर मौजूद अखबार के प्रतिनिधि विकास सिंह ने विरोध किया तो। दरोगा ने अपना आपा खो दिया पत्रकार से मारपीट व अभद्रता की और पत्रकार को दूसरे मामले में फंसा कर जेल भेजने की धमकी देने लगो दरोगा की यह करतूत



सोशल मिडिया पर वायरल हो गईं इसके बाद पत्रकार एकता वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी गण वकिसान यूनियन टिकैत के मंडल अध्यक्ष के के सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में पहुंचे पत्रकारों ने डीसी पी दक्षिणी से पत्रकार के साथ अभद्रता करने वाले दारोगा के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की पत्रकारों के भारी रोष के बाद डीसीपी ने इस मामले की एसीपी से रिपोर्ट मांगी जांच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने पर डीसीपी ने दोषी उप निरीक्षक यशवंत सिंह पर निलंबन की कार्रवाई की संस्तुति करते हुए विभागीय जांच के आदेश दिए वही फर्नीचर व्यापारी की शिकायत पर डीसीपी ने सिपाही राजेश कुमार के विरुद्ध जांच के आदेश दिये

## घर से बिना बताये युवती लापता

### पड़ोसी युवक पर बहला फुसला भगाने का आरोप

लखनऊ । आलमबाग कोतवाली इलाके में रहने वाली एक युवती बीते दो दिन पूर्व घर से बिना बताये लापता हो गई।वही लापता युवती के परिजनों ने खोजबीन करने के बाद पडोसी युवक पर बहला फुसला भगाने का आरोप लगा नामजद शिकायत की है।आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिव शंकर महादेवन ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित साकेत पुरी निवासिनी नीता श्रीवास्तव पत्नी स्व राजेश श्रीवास्तव के अनुसार वह अपने घर में पुत्री कशिस श्रीवास्तव के साथ रहती है।आरोप है कि बीते 13 अप्रैल की सुबह उनके घर के सामने रहने वाले अभिषेक यादव पुत्र कैलाश यादव निवासी साकेत पुरी आलमबाग निवासी उनकी पुत्री को बहला फुसला कर जबरन कही भगा कर ले गया है और उसके घर से पिता कैलाश यादव एंव भाई राजा यादव और प्रिस यादव भी फरार है। उसकी माता से पूछने पर वह कुछ भी नहीं बता रही है। जिसके चलते उन्होंने खोजबीन करने के बाद स्थानीय थाने में पुलिस से नामजद शिकायत की है।पुलिस के अनुसार लापता युवती की माँ की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## किसान की बाइक चोरी का शिकायत के एक सप्ताह बाद भी नही दर्ज किया मुकदमा

- मोहनलालगंज के खुजौली बाजार से एक सप्ताह पहले बैखोफ चोरो ने उड़ाई थी सब्जी बेचने आये किसान की बाइक

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।बाइक चोरी की घटनाओ में लगाम लगाने में नाकाम मोहनलालगंज पुलिस अब चोरी होने वाली बाइको के मुकदमें दर्ज कर कार्यवाही की बजाय पीड़ितो को टरकाने का काम कर रही हैं, एक सप्ताह पहले खुजौली बाजार में सब्जी बेचने आये किसान की बाइक बैखोफ चोर चुरा ले गये, पीड़ित ने घटना के दूसरे दिन खुजौली चौकी पहुंचकर लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की लेकिन पुलिस ने जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन देकर पीड़ित को चलता कर दिया ओर एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी मुकदमा नही दर्ज किया।पीड़ित किसान ने बताया एक सप्ताह से वो रोज पुलिस चौकी के चक्कर लगा रहा है लेकिन पुलिस कार्यवाही की बजाय रोज उसे टरका देती है।

मोहनलालगंज के खुजौली गांव निवासी किसान सहजराम ने बताया 9 अप्रैल को अपने गांव की बाजार में बाइक से सब्जी बेचने गया था, जहां बाइक खड़ी कर वो बाजार में दुकान लगाकर सब्जी बेचने लगा, इसी बीच बैखोफ चोरो ने उसकी हीरो स्पेलेंडर बाइक चुरा ले गये, देर शाम सब्जी बेचकर वापस लौटा तो बाइक गायब देख उसके होश उड़ गये काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता चलने पर खुजौली चौकी पहुंचकर पुलिस से लिखित शिकायत कर अज्ञात चोरो पर कार्यवाही की मांग की तो पुलिस ने जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन देकर टरका दिया।लेकिन एक सप्ताह से रोज चौकी की परिक्रमा कराने के बाद भी मुकदमा नही दर्ज किया।इंस्पेक्टर आलोक राव से जब पीड़ित किसान की शिकायत के बाद भी मुकदमा ना दर्ज करने के बारे में पुछा गया तो उन्होने जांच करने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया।

## पिता ने बेटी के ससुराल वालों पर बेटी का उत्पीड़न करने का लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर के अमौसी निवासी जयकरन सिंह ने अपनी बेटी के ससुराल वालों पर बेटी का उत्पीड़न करने के साथ ही गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जय करन सिंह का कहना है कि उनकी बेटी रीना सिंह की शादी मई 2012 में मलिहाबाद के मोहान रोड स्थित ढेढ़े मऊ निवासी रोचक सिंह के साथ हुई थी। इस समय रीना के दो बच्चे भी हैं। आरोप है कि दामाद रोचक सिंह आए दिन शराब पीकर घर पहुंचते ही रीना के साथ गाली गलौज और मारपीट करता है। रीना के मना करने पर उसकी सास रीता सिंह और ननद विनीता सिंह रोचक को समझाने के बजाय उल्टा रीना को ही गालियां देती हैं। आरोप लगाया है कि रोचक कोई भी काम नहीं करता, बल्कि दिनभर गांव में घूमता रहता है। रीना व बच्चों का खर्च भी नहीं उठाता। आरोप है कि शिकायत करने पर सास और ननद रोचक का ही पक्ष लेती हैं। इससे रोचक रीना के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी देता रहता है। जयकरन का कहना है कि उसकी सास ने बेटी के गहने भी रख लिए और पहनने नहीं देती। जयकरन ने बेटी के ससुराल पक्ष द्वारा कभी भी रीना के साथ अप्रिय घटना घटित किए जाने का संदेह जताया है। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## बाहुबली धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला होंगी जौनपुर से बसपा प्रत्याशी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बाहुबली धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला को बसपा ने जौनपुर से लोकसभा का प्रत्याशी बनाने का फैसला कर लिया है। जौनपुर में मंगलवार को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय बैठक में इसकी आधिकारिक घोषणा की जाएगी। मंडल प्रभारी धनश्याम सिंह खरवार ने इसकी पुष्टी की है। वहीं, जौनपुर की दूसरी सीट मछली शहर से कृपाशंकर सरोज को टिकट दिया गया है। वह पंजाब कॉडर के पूर्व आईएएस हैं। श्रीकला को बसपा का टिकट भाजपा के लिए भी बड़ा झटका है। श्रीकला इस समय भाजपा की सहयोगी अपना दल से जौनपुर की जिला पंचायत सदस्य हैं। जौनपुर बसपा की जीती हुई सीट है। वर्ष 2019 में श्याम सिंह यादव सपा-बसपा गठबंधन उम्मीदवार थे और उन्होंने भाजपा के





केपी सिंह को 80936 वोटों से हराया था। बसपा श्याम सिंह यादव का टिकट काटकर धनंजय सिंह की पत्नी को देने जा रही है। श्रीकला सिंह जौनपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष हैं। बसपा द्वारा उन्हें टिकट दिए जाने के फैसले के बाद जौनपुर सीट की लड़ाई रोचक हो जाएगी। धनंजय सिंह बसपा के टिकट पर 2009 में सांसद चुने गए थे। जौनपुर सीट पर सभी पार्टियों ने नया उम्मीदवार दिया है। भाजपा ने केपी सिंह के स्थान पर कृपा शंकर सिंह कोटिकट दिया है। सपा ने बसपा सरकार में मंत्री रहे बाबू सिंह कुशवाहा को टिकट दिया है। बसपा द्वारा धनंजय की पत्नी श्रीकला सिंह को टिकट दिए जाने के बाद सभी दलों के उम्मीदवार नए हो गए हैं। इस बार फिर धनंजय सिंह खुद लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। जिस दिन भाजपा ने जौनपुर से कृपाशंकर सिंह के नाम का ऐलान किया, उसी दिन धनंजय ने अपने लड़ने की घोषणा की थी। इसके दो दिन बाद ही रंगदारी और अपहरण के मामले में उन्हें कोर्ट ने सात साल की सजा सुनाते हुए जेल भेज दिया। सजा के बाद धनंजय सिंह ने आरोप लगाया कि उन्हें चुनाव से रोकने के लिए ही षड्यंत्र रचा गया है।

## कब्जे का विरोध करने पर दबंगो ने दलित किसान को पीटा

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।भावाखेड़ा गांव में निजी प्लाटिंग कम्पनी द्वारा सरकारी चकमार्ग पर किये गये अवैध कब्जे का विरोध करना दलित किसान को महंगा पड़ गया, प्लाटिंग कम्पनी का काम देखने वाले दबंग के इशारे पर उसके भाई व साले ने अपने साथियों के साथ मिलकर दलित किसान की लात घूसो से पिटाई कर घायल कर दिया।पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस चार आरोपियो पर मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी हैं।

मोहनलालगंज के भावाखेड़ा गांव निवासी संजय ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया उसके गांव में स्थित सरकारी चकमार्ग पर एक निजी प्लाटिंग कम्पनी ने कब्जा कर निर्माण करा रखा है चकमार्ग कब्जाने का विरोध करने से प्लाटिंग कम्पनी का काम देखने वाले दबंग किस्म के चंदन सिंह उससे नाराज चल रहे थे ओर रंजिश मानने लगे थे, बीते 9 अप्रैल की सुबह सात बजे जब वो गांव की एक दुकान पर सामान लेने गया तो इसकी भनक चंदन सिंह को लग गयी ओर उन्होने अपने भाई नंदन सिंह व साले समेत अन्य कुछ लोगो को मौके पर भेजा जो मौके पर आते ही जातिसूचक गालिया देने लगे ओर विरोध करने पर उसे गिराकर बुरी तरह लात-घूसो से पिटाई कर घायल कर दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकले।पीड़ित ?ने पुलिस को दी तहरीर में आरोपियो पर सिपाहियों को बंधक बनाकर पीटने समेत अपराधिक मुकदमें दर्ज होने का भी आरोप लगाया है।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आरोपियो के विरूद्व मारपीट, जान से मारने की धमकी देने व एससी/एसटी एक्ट की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

### पीड़ित ने आरोपियो पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराने का लगाया आरोप....

पीड़ित संजय ने बताया मारपीट करने वाले आरोपियो को जब मुकदमा दर्ज होने की भनक लगी तो पुलिस की मिलीभगत से बैरीसालपुर गांव में 8 अप्रैल को संदीप कुरील से मारपीट करने का आरोप लगाते हुये बीते रविवार को मुकदमा दर्ज करा दिया जब कि जिस समय की घटना दशार्यी गयी उस समय वो सुदौली में अपने काम से गया था ओर सौरभ लखनऊ के दारूलशफा में अपने पिता के साथ ड्यूटी पर था।पीड़ित ने पूरे मामले की डीसीपी व पुलिस कमिश्नर से शिकायत करने की बात कही।हालाकि पूरे मामले में पुलिस ने जांच के बाद मुकदमा दर्ज करने की बात कही।

## महिला से धोखाधड़ी कर हड़पे पैतिस लाख रुपए

### पीडिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज,

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाली एक महिला ने थाना क्षेत्र में रहने वाले पिता पुत्रों पर कूटरचित फर्जी आवंटन कब्जा पत्र दिखा धोखाधड़ी कर हडपे पैतिस लाख रुपए हडपने के साथ उसे जान से मारने की धमकी का आरोप लगा पीड़ित महिला ने स्थानीय थाने में पुलिस से नामजद शिकायत की है।कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र सुभाष नगर निवासिनी उर्मिला सिंह चौहान पत्नी राम मिलन सिंह चौहान के अनुसार उसी के मोहल्ले में नवीन सहकारी गृह निर्माण समिति लि के सचिव लाखन सिंह पुत्र शिव दयाल ने विक्रय करने के नाम पर वर्ष 2012 में 65 हजार रुपये धनराशि प्राप्त कर उसे एक भवन का आवंटन पत्र दिया था जिसपर उसका कब्जा है और भवन का बैनामा करने के नाम पर उससे पैतीस लाख रुपये ले लिए लेकिन भवन का बैनामा उनके नाम पर नहीं किया जब उसने पता लगाया तो जानकारी हुआ कि उक्त भवन के मुलस्वामी सुभाष चन्द्र यादव पुत्र फूल चन्द्र यादव है और वर्ष 2013 में मुलस्वामी द्वारा कृष्णा नगर के ही निवासी आरती सिंह पत्नी राजेन्द्र सिंह व पदमिनी दद्विवेदी पत्नी आनन्द प्रकाश धर द्विवेदी को भवन का बैनामा कर दिया गया है जिनके नाम नगर निगम के अभिलेखों में भी दर्ज है आरोप है कि जब सच्चाई उजागर होने पर वह बीते 19 मार्च को लाखन सिंह के घर पहुँच अपने पैसे वापस मांगने लगी तो आरोपी अपने पुत्र रवि सिंह एवं पत्नी माया नायर सिंह संग मिलकर भद्दी भद्दी गालियां देने लगा और अपने घर से रायफल निकाल धमकी दिया कि कोई पैसा नहीं मिलेगा भवन खाली कर चले जाओ जिसकी सूचना पीड़िता ने कंट्रोल नंबर पर दे स्थानीय थाने पर शिकायत की लेकिन स्थानीय पुलिस द्वारा मामले में कोई कार्यवाई नहीं करने पर पीड़िता ने पुलिस उपायुक्त दक्षिणी से मामले की जानकारी दे नामजद शिकायत की है ऊंच अधिकारी के आदेश पर पुलिस जांच के बाद आरोपीगणो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की कार्यवाई में जुटी है

## वार्ड संगठन बैठकों की अध्यक्षता कर विधायक राजेश्वर सिंह ने जगाया कार्यकर्ताओ में जोश

- तीसरी बार प्रचंड बहुमत से मोदी सरकार सरोजनीनगर परिवार की गारंटी है : डॉ. राजेश्वर सिंह

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** राजधानी के मोहनलालगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने के लिए कमरकस चुके सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सोमवार को मैराथन बैठकें कर कार्यकताओं का उत्साहवर्धन किया। वार्ड स्तरीय बैठकों की शुरूआत विद्यावती द्वितीय वार्ड से हुई जहाँ विधायक राजेश्वर सिंह ने पन्ना प्रमुखों और बूथ समितियों के दायित्व को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि पन्ना प्रमुखों की हाथ की उंगलियों पर हर मतदाताओं के नाम होना चाहिए, डॉ. सिंह ने उनकी हर परेशानियों को दूर करने और हर सहायता उपलब्ध कराने के लिए आश्वस्त किया। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह हिन्द नगर नगर वार्ड और खरिका प्रथम वार्ड की संगठन की बैठकों में भी पहुंचे, जहाँ उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों को सम्मानित किया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि भाजपा संगठन की जड़ें बूथ स्तर तक मजबूत हैं, हमारे लिए प्रत्येक मतदाता महत्वपूर्ण है। सरोजनीनगर की जनता यूपीए सरकार का भ्रष्टाचार, कुशासन, हताशा, निराशा और नीतिगत पंगुता को अभी तक भूल नहीं सकी है, न ही समाजवादी शासनकाल का गुंडाराज लोगों के दिमाग से हटा है, इस लिए जनता ने तय किया है यह लोगों का अपना चुनाव है, इस चुनाव में सरोजनीनगर कौशल किशोर को रिकॉर्ड जीत दिलाएगा, जो देश भर में अब तक की सबसे बड़ी जीती होगी। आगामी लोकसभा चुनाव को देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए सरोजनी नगर विधायक ने कहा की भारत अपनी सीमाएं पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे देशों से साझा करता है, अमेरिका जब अफगानिस्तान से हटा तब 7.12 बिलियन डॉलर के 8.84 लाख हथियार भी वहीं छोड़ दिए थे। ऐसे में देश में राष्ट्रवादी सरकार का बने रहना बहुत महत्वपूर्ण है। भाजपा की नीति आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की है, भाजपा ने कश्मीर से धारा 370 हटा कर शांति युग की शुरूआत की। आज जरूरत है युवाओं को सुरक्षित और समृद्ध देश मिले इसलिए, पूर्ण बहुमत ही नही दो तिहाई बहुमत के साथ नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पुनः भाजपा सरकार बनें। बूथ स्तर पर मजबूत चुनावी रणनीति बनाते हुए सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बूथ अध्यक्षों, सेक्टर संयोजकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एक बूथ, एक सेक्टर को एक विधानसभा, एक संसदीय क्षेत्र मानकर चुनाव लडना होगा, हर बूथ पर वोटिंग बढ़ानी होगी और भारतीय जनता पार्टी को रिकॉर्ड वोटों से जीत दिलानी होगी। इस दौरान भाजपा महानगर महामंत्री पुष्कर शुक्ला, पार्षद कौशलेन्द्र द्विवेदी, सौरभ सिंह मोनू, पार्षद केएन सिंह, मंडल अध्यक्ष शिव शंकर विश्वकर्मा, विनोद मौर्या एवं के के श्रीवास्तव, रमा शंकर त्रिपाठी, मंडल महामंत्री शिव प्रकाश मिश्रा, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजन मिश्रा, सरदार इकबाल सिंह, अनूप मिश्रा, नागेश्वर अवस्थी, सुनीता लाम्बा तीनों मंडल के सभी मोर्चों के पदाधिकारी, शेर अली खान एवं समस्त शक्ति केंद्र संयोजक व बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### सीएचसी दवा लेने आए मरीज के पर्स से चोर ने 5 हजार किया पार

पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र के गांव मिजार्पुर निवासी सतेंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोमवार दोपहर बेटे की तबियत खराब होने पर सीएचसी दिखाने आए था ।इसी दौरान किसी ने जेब में पड़ी पर्स पार कर दी ।आसपास ढूंढ़ने पर काउंटर पर पर्चा बना रहे स्टाप के एक व्यक्ति ने एक युवक द्वारा पर्स पड़ी होने की बात कह पर्स देकर चले जाने की बात बताई ।जब पर्स देखा तो पर्स में पड़े कागजात थे लेकिन उसमें रखे पाँच हजार रुपए गायब थे ।जिसके बाद अधीक्षक से सीसीटीवी फुटेज दिखाने की मांग की लेकिन सीसीटीवी फुटेज नहीं देख पाया ।कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली हैं जांच की जा रही हैं।

### अनियंत्रित वाहन की टक्कर से युवक की मौत

बीघापुर, उन्नाव। अनियंत्रित वाहन की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत हो गई पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिय बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत उन्नाव से लालगंज नेशनल हाईवे में पोरई मोड़ के पास ग्राम बखत खेड़ा थाना खीरों जिला रायबरेली निवासी होरीलाल 44 वर्ष लोधी पुत्र भीखू अपने रिश्तेदारी ग्राम खेसुवा से सोमवार को भोरपहर ट्रेन पकड़ने हेतु पैदल रेलवे स्टेशन तकिया जा रहा था जैसे ही वह नेशनल हाईवे पोरई मोड़ के पास नेशनल हाईवे पर चढ़ा वैसे ही उन्नाव की तरफ से तेज रफ्तार अनियंत्रित दुग्ध वाहन की चपेट में आ गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे आस पास के लोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया मृतक के दो पुत्र आलोक व आशुमान है वही दो पुत्रियां पूजा व रचना है जिसमें एक पुत्री पूजा का विवाह हो गया है मृतक की पत्नी रूपा सहित परिजनो का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है।

### लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करना है जरूरी

बांगरमऊ, उन्नाव। लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर नागरिक को मतदान करना जरूरी है। मतदान से ही सही प्रत्याशी का चयन किया जा सकता है। शिक्षित, ईमानदार और कर्मठ प्रत्याशी ही विकास को रफ्तार दे सकता है। अपना प्रतिनिधि चुनने के लिए पोलिंग बूथ पर जाकर मतदान जरूर करें। मतदान आपका कर्तव्य और अधिकार भी है ।यह बात बांगरमऊ प्रमुख समाजसेवी फजलुर्रहमान नें एक गोष्ठी में बोलते हुए कही और आम जनमानस का आवाहन किया कि वोट के अधिकार का इस्तेमाल कर हमें अपनी पसंद का नेता चुनने का जो हक लोकतंत्र में मिला है।उसका हमें सही तरीके से सोच विचार कर व तमाम पहलुओं को ध्यान में रखते हुए इस्तेमाल करना चाहिए। सभी लोग अगर वोट डालेंगे तो अपनी पसंद का नेता और एक मजबूत सरकार भी चुन सकेंगे। वोट डालने की जिम्मेदारी निभाकर हम सब बेहतर समाज निर्माण और विकास में भागीदार भी बन सकते हैं।

# देश की जनता का लाड़ दुलार प्यार भाजपा और प्रधानमंत्री जी के साथ

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विकास सबका विश्वाश पर कार्य कर रही है भाजपा सरकार देश की 25 करोड़ जनता को गरीबी से बाहर निकाला ।उत्तर प्रदेश में छः करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। मोदी और योगी जी की डबल इंजन की सरकार ने गरीबों का जीवन स्तर ऊपर उठाया। देश भर में एमएसएमई मुद्रा योजना, आजीविका मिशन, स्वयं सहायता समूह, बैंक सखी, लखपती दीदी, विद्युत सखी आदि नमो ड्रोन दीदी आदि माध्यमों से करोड़ों लोगों को हमारी सरकार ने रोजगार उपलब्ध करवाया है यह बात भाजपा कार्यालय उन्नाव में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रदेश महामंत्री एमएलसी अनूप गुप्ता ने कही ।उन्होंने आगे कहा हमारी सरकार ने कोविड की विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए 2019 लोकसभा चुनाव के संकल्प पत्र में जो वादे किए थे उन्हें पूरा करने का काम किया है चाहे धारा 370 हो चाहे राम मंदिर हो। सरकार ने 80 करोड़ गरीबों मुफ्त राशन की गारंटी दी। सरकार ने इस योजना को पांच वर्ष के लिए बढ़ा दिया है। एमएलसी अनूप गुप्ता ने आगे कहा जन औषधि केंद्रों से सस्ती दवाएं उपलब्ध रहेंगी और इनका विस्तार भी होगा। भाजपा सरकार ने गरीबों के लिए 4 करोड़ घर बनाए 3 करोड़ और बनाने का संकल्प। प्रधानमंत्री सूर्य योजना से मुफ्त बिजली। एक करोड़ लखपती दीदी बनी तीन करोड़ लखपती दीदी बनाने का लक्ष्य 10 करोड़ महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं इनके माध्यम से महिलाओं को प्रशिक्षण देकर आईटी स्वास्थ्य शिक्षा खुदरा और पर्यटन आदि क्षेत्रों में स्वरोजगार उपलब्ध कराएगी। गुप्ता ने बताया युवाओं के लिए मुद्रा योजना में ऋण 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख होगा पेपर लीक नियंत्रण कानून लागू होगा स्टार्टअप और पर्यटन में रोजगार के नए अवसर प्रदान होंगे। गरीब, मध्यम वर्ग, या उच्च-मध्यम वर्ग के 70 वर्ष से अधिक उम्र के प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को आयुष्मा भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज के लिए स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। आगे बोले भाजपा सरकार किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पहल के माध्यम से देशभर के 10 करोड़ किसानों व समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है। सहयोग के माध्यम से समृद्धि को बढ़ावा देने के अनुरूप, देश भर में डेयरी सहकारी समितियों की संखका विस्तार करने के लिए एक राष्ट्रीय सहकारी नीति पेश की जाएगी। भाजपा ने सब्जी की खेती और भंडारण के लिए नए क्लस्टर स्थापित करने की योजना बनाई है। भाजपा प्राकृतिक खेती के तरीकों को प्राथमिकता देगी और नैनो यूरिया प्रौद्योगिकी को व्यापक रूप अपनाने को बढ़ावा देगी ।भाजपा का लक्ष्य किसानों को व्यापक सहायता प्रदान करने के लिए किसान समृद्धि केंद्रों की पहुंच विस्तार करना है। उन्होंने कहा रेहड़ी-पटरी वालों को स्वनिधि योजना से ब्याज के बोझ से मुक्त करती है।इस योजना के लिए ऋण सीमा ?50 हजार से बढ़ाई जाएगी और इसमें ग्रामीण क्षेत्रों को भी शामिल किया जाएगा।ई-श्रम में श्रमिकों का कवरेज बढ़ाया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्गों पर ट्रक ड्राइवरों के लिए आधुनिक सुविधाएँ विकसित की जाएगी। एमएसएमई, छोटे व्यापारियों एवं विश्वकमाओं का सशक्तिकरण - मोदी की गारंटी प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का विस्तार किया जाएगा। जीएसटी पोर्टल का सरलीकरण किया जाएगा। खादी को एक वैश्विक ब्रांड के रूप में स्थापित किया जाएगा। भारत को दुनिया में खिलौनों के निर्माण का केंद्र बनाया जाएगा। 'प्रधानमंत्री आवास योजना' के तहत दिव्यांग को प्राथमिकता। भाजपा ने ट्रांसजेंडर समाज को पहचान और सम्मान प्रदान किया है, और अब उन्हें आयुष्मान योजना का लाभ मिलेगा। समृद्ध भारत की मोदी की गारंटी भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया जाएगा। विमानन क्षेत्र के विस्तार पर विशेष जोर दिया जा रहा है, जिसका उदाहरण 1000 से अधिक विमानों के लिए हालिया समझौते हैं, जो न केवल कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा बल्कि रोजगार के कई अवसर भी प्रदान करेगा। ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनेगा भारत की इज ऑफ लिविंग की विरासत भी विकास भी की सुशासन की विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्टर की स्वस्थ भारत की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की खेल के विकास की तकनीक एवं नवाचार की पर्यावरण अनुकूल भारत की मोदी की गारंटी यह भाजपा सरकार मोदी जी का संकल्प है मोदी की गारंटी है मोदी की गारंटी का अर्थ गारंटी पूरी होने की गारंटी। भाजपा द्वारा बीते दिवस बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर अपना संकल्प पत्र प्रस्तुत किया इसी क्रम में भाजपा कार्यालय उन्नाव पर आयोजित पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने प्रदेश महामंत्री और मुख्य अतिथि का औपचारिक स्वागत किया वार्ता में लोकसभा प्रभारी सौरभ मिश्रा जिला मीडिया प्रभारी समीर शुक्ला मीडिया संयोजक नीरज शर्मा सह संयोजक रामेंद्र प्रताप लोकसभा सह मीडिया प्रभारी दीपांकर मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## रैली निकाल कर छात्र छात्राओं ने मतदाताओं को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। स्वीप योजना के अंतर्गत क्षेत्र के पतिराजा महिपाल इण्टर कॉलेज, घाटमपुर खुर्द में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली निकाली। वहीं कुछ छात्रों ने पतंगबाजी एवं छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का काम किया। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष बीघापुर राजपाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने आस पास के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। प्रत्येक छात्र कम से कम 15 लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करेंगे। पति राजा महिपाल इंटर कॉलेज के प्रबंध निदेशक अभय सिंह ने छात्र-छात्राओं को मतदाताओं को जागरूक कराने की अपील की स्वीप कार्यक्रम के नोडल प्रभारी दिलीप भदौरिया, निर्भय सिंह रलालार, बृजेश सिंह, पवन तिवारी, अंकित पाण्डेय, अयूब, उमेश पाण्डेय, विवेक श्रीवास्तव, रवि पाण्डेय, अरुण कुमार, श्याम सिंह सहित क्षेत्र के विभिन्न अभिभावकों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## आठ घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। विद्युत उप केंद्र पर मरम्मत कार्य के चलते लगभग 8 घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी कार्य समाप्त होते ही विद्युत आपूर्ति चालू कर दी जाएगी उक्त जानकारी एस डी ओ ने दी मंगलवार को पुरवा तहसील क्षेत्र मे संचालित सभी उपकेंद्रों पर अनुरक्षण व मरम्मत कार्य के चलते आठ घंटे आपूर्ति बाधित रहेगी ।एसडीओ अनिल वर्मा ने बताया कि कुछ कार्य उपकेंद्रों पर होना हैं ।जिसके चलते सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी ।इसके बाद आपूर्ति बहाल की जाएगी।

## क्षत विक्षत हालत में मिला युवक का शव मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से सनसनी फैल गयी। शव को घर से करीब 2 किलोमीटर दूर डाल कर एक्सीडेंट का रूप दे दिया गया। मौके पर पहुँची फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड ने जांच पड़ताल की पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया थाना क्षेत्र के काछिनखेडा मजरे कलानी निवासी सुनील 26 वर्ष पुत्र रज्जन का शव चोटिहा-बदनपुर मार्ग पर क्षत-विक्षत अवस्था मे रहगीरो को मिला। राहगीरो ने थाना बिहार पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने एक्सीडेंट मानकर शव तथा मोटरसाइकिल को कब्जे में ले लिया। शुबह जब लोगो को घटना पता चली तब गाँव के कुछ लोग म्रतक सुनील के घर पहुँचे ।घर के बाहर बरामदे में खून के छीटे पड़े देखकर ग्रामीणों को मार कर शव बाहर डाल देने का शक हुआ ।ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुँचे थाना प्रभारी शिव प्रकाश पांडेय व क्षेत्राधिकारी मायाराय पहुँची। घर के बाहर बरामदे, दीवाल से लेकर घर के अंदर कमरे तक खून के छीटे पड़े मिले ।घर के अंदर बने एक कमरे की पीछे की दीवाल के सहारे करीब 4 फीट गहरा गड्ढा खुदा मिला जिसको मिट्टी से ढक दिया गया था। गड्ढे के पास ही साइकिल का ट्यूब मिला है जिसमे खून के धब्बे लगे थे। साथ ही खून से सनी कुल्हाड़ी व फावड़ा भी बरामद हुआ बीती 11 अप्रैल को म्रतक सुनील ने अपनी माँ सुंदरी देवी को जम कर मारापीटा था। इसके बाद माँ सुंदरी देवी अपने नंदोई सुरेश निवासी लच्छीपुर थाना खीरो जनपद रायबरेली चली गयी थी। उसका छोटा बेटा माँ के चोटिल होने की खबर पाकर 13 अप्रैल को गाँव आया था लेकिन गाँव मे रहने वाली मौसी मोनी देवी के पास रुक गया आज युवक का शव मिलने से ग्रामीणों में तरह तरह की चचाएँ शुरू हो गई

# स्वयं सेवकों को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी तिमाही कैम्पेनिंग के सम्बन्ध में अपर जिला जज/सचिव द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मे कार्यरत लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम के अधिवक्तागण एवं समस्त पराविधिक स्वयं सेवकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया ।अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष निगम ने जिले के समस्त तहसीलों व थानों में कार्यरत समस्त पराविधिक स्वयं सेवकों की एक बैठक बुलाई गयी। जिसमें उन्हे अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी तिमाही कैम्पेनिंग के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रेषित माडयूल के आधार पर एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।प्रशिक्षण में समस्त पराविधिक स्वयं सेवकों को निर्देशित किया गया कि वह जिला कारागार के बंदियों की रिहाई से संबंधित दायित्वों के संबंध में यथोचित जानकारी प्राप्त करें और ऐसे कैदी जिनके परिवार में कोई भी पैरवी करने वाला नही है तब उन्हे संस्था के पैनल अधिवक्ताओं से मिलवा कर उन्हें सभी कानूनी सहायता प्राप्त कराकर जमानत आदि की कार्यवाही पूरी कराई जाए। इस अवसर पर चीफ डिफेन्स काउन्सिल रमेश चन्द्र वर्मा, असिस्टेंट डिफेन्स काउन्सिल कार्तिक सिंह एवं राकेश राजपूत, गायत्री देवी, मंजू पाल, गिरीश कुमार, राज कुमार, आशीष कुमार मिश्रा, देवेन्द्र सिंह, बृजेश कुमार, ज्योति कुशवाहा, सुप्रिया श्रीवास्तव, रजनीश कुमार श्रीवास्तव पराविधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहें।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का एसडीएम ने किया निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। ब्लाक क्षेत्र आदमपुर बरेठी गांव में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का एसडीएम ने औचक निरीक्षण किया विद्यालय में शिक्षिका राखी वैश्य ,अनामिका गौर ,पल्लवी यादव , अपूर्वा सिंह लेखाकार ,रेखा देवी रसोईया आदि लोग मिली। एसडीएम ने बच्चों के रूम में जाकर देखा तो सभी बच्चों का सामान बेड के नीचे रखा हुआ था अलमारी न होने पर वार्डन को जल्द से जल्द अलमारी की लगवाने की हिदायत दी ,परिसर मे वाटर कूलर खराब सहित गंदगी मिलने पर नाराजगी जाहिर कर सफाई करवाने के निर्देश दिए, वापस आते समय एसडीएम हिमांशु गुप्ता ने जसमंडा बब्बन गांव में गेहूं रबी फसल की क्राप कटिंग करवाई। एसडीएम हिमांशु गुप्ता ने बताया कि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया जिसमे वाटर कूलर सहित गंदगी मिली है ।सफाई के निर्देश दिए हैं।

# राम चरित मानस के साथ विशाल हवन व कन्या भोज का किया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के सिद्ध पीठ माता भुवनेश्वरी देवी मंदिर पर परंपरागत रूप से आज षटवर्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें माता भुवनेश्वरी देवी मंदिर का भव्य रूप से सिंगार किया गया। रामचरितमानस के साथ विशाल हवन कन्या पूजन और भंडारे का आयोजन भी किया गया ।जिसमें क्षेत्र सहित कई जनपदों से हजारों संख्या में भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। ज्ञातब्य है कि फतेहपुर चौरासी क्षेत्र में माता भुवनेश्वरी देवी मंदिर ग्राम लोनारपुर में स्थित है। इस मंदिर की पहचान कई जनपदों में शक्तिपीठ के रूप में की जाती है। इस मंदिर पर नवरात्रि के दिनों में परम्परागत रूप से सप्तमी तिथि को माता कालरात्रि देवी की विशेष रूप से पूजा आराधना की जाती है। इस दिन देवी माता की मूर्ति का भव्य श्रृंगार कर एक दिन पूर्व से ही रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया । इसी के साथ सप्तमी के दिन आचार्य अरविंद द्विवेदी, शिवम, विनय तिवारी आदि आचार्यो की टीम द्वारा भव्य हवन का आयोजन किया गया ।माता जी को भोग लगाने के बाद कन्या पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मंदिर पर पहुंचे देवी भक्तों ने कन्याओं का पूजन कर उन्हें दान दक्षिणा दिया। इसके बाद यहां पर एक विशाल भंडारे का भी आयोजन परंपरागत रूप से किया गया ।इस भंडारे में क्षेत्र के पचासों गांव सहित जनपद के कई गांव के अलावा हरदोई, लखनऊ, कानपुर आदि से भी सैकड़ो की संख्या में देवी भक्तों नें पहुंचकर माता जी के दर्शन किए और अपनी मनोकामना पूर्ण करने की मन्नतें मांगी और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर फतेहपुर चौरासी थाने के प्रभारी राजेश्वर त्रिपाठी नें भी अपनी टीम के साथ पहुंचकर आज आयोजित किए गए भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के महंत नीरज स्वरूप ब्रह्मचारी ने सभी सहयोगियों सहित आये हुए भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कब्रिस्तान की जमीन पर मशीन लगाकर तुड़वा देने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के ग्राम नेवल निवासी लोगों ने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें उन लोगों ने अपने पुश्तैनी कब्रिस्तान की भूमि को प्रधान द्वारा जेसीबी मशीन लगाकर तुड़वा देने का आरोप लगाया है ।ग्राम वासियों ने अपने आरोपों की जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। तहसील बांगरमऊ क्षेत्र के ग्राम नेवल निवासी तौफीक, हाफिज, वाहिद, नूर हसन, शाहिद, शरीफ, शाकिर, गुलशन आदि सहित एक दर्जन से अधिक लोगों ने उप जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें बताया है कि गांव की भूमि गाटा संख्या 1079 जो अभिलेखों में कब्रिस्तान दर्ज है और उसमें प्रार्थी गणों के पूर्वजों की कबरें बनी हुई है और नई कबरें भी बनी है। इन लोगों ने आरोप लगाया है कि गांव के प्रधान अक्सर गांव की सरकारी जमीन कब्जा कर बेंच देते हैं। आरोप लगाया कि चार-पांच माह पूर्व गांव की एक कब्रिस्तान पर जेसीबी चलवा दी थी जिसमें ग्राम प्रधान पर कोई कार्यवाही नहीं की गई थी। उन लोगों नें प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि अभी 8 तारीख को ग्राम के पूर्व प्रधान रामेश्वर पुत्र गंगा प्रसाद व उनके पुत्र मौजूद ग्राम प्रधान प्रवेश कुशवाहा व पंचायत मित्र राजमोहन ने प्रार्थी गणों के पूर्वजों की कब्रों को जेसीबी से खुदवा दिया है। इस पर प्रार्थी गणों व अन्य ग्राम वासियों ने विरोध किया तो उन लोगों ने धमकी दी है कि हमारी सरकार है हमें जो मर्जी होगा वही करेंगे। गांव वासियों ने उप जिलाधिकारी से निवेदन किया है कि वह न्याय के लिए आपके पास आए हैं उनके प्रार्थना पत्र की जांच कर उचित कार्यवाही कर उनकी पुश्तैनी कब्रिस्तान की भूमि को बचाया जाए और दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जाए।

## अज्ञात कारणों से गेहूं की फसल में लगी आग

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के अंतर्गत कीरतपुर ग्रामसभा में किसानों के खेतों में अज्ञात कारणों से लगी आग ने गेंहू की फसल को स्वाहा कर दिया। सोमवार दोपहर को अचानक शिवमंगल पुत्र सत्यनारायण के गेंहू के खेतों में अज्ञात कारणों से आग लग गयी। आग लगने की खबर जैसे ही किसान को पता चली उनके होश उड़ गए। विकराल लपटों को देखकर किसान हाथ पैर फूल गए। किसी प्रकार ट्रैक्टर व अन्य साधनों से खेतों की पकी फसल की जुताई की गई जिससे आग आगे न फैल सके । जब तक बीघापुर से फायर ब्रिग्रेड पहुँच पाती गाँव वालो की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका ।उपजिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी के निर्देश पर संबंधित लेखपाल ज्ञानेंद्र ने मौका मुआयना किया उन्होंने बताया कि लगभग आधा बीघा गेंहू की फसल जलकर नष्ट हो गयी है साथ ही भगवंतनगर में निवास कर रहे नित्यानंद त्रिपाठी की पास में लगी नीबू की बागवानी झुलस गई है। नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट शाशन को भेजी जा रही है।

# डीएम ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण, लगाई फटकार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिला अस्पताल में शासन के सख्त निर्देश के बाद भी मौजूद डाक्टर मरीजों को बाहर की दवा लिख रहे हैं अस्पताल आए एक मरीज ने इसकी जानकारी फोन पर जिला अधिकारी को दी इसके बाद जिला अधिकारी गौरांग राठी मुख्य विकास अधिकारी प्रेम शंकर मीणा जिला अस्पताल पहुंचे और ओपीडी में मौजूद चिकित्सक के दस्तावेज खंगालने लगे लगभग डेढ़ घंटे चली छापेमारी में बहुत सी खामियां मिली लैब टेक्नीशियन के पास जांच रिपोर्ट डंप होने पर उसे हिरासत में लेकर कोतवाली भेज दिया गयाबताते हैं कि जिला अस्पताल में दवा लेने पहुंचे आनंद सोनी नाम के मरीज ने चिकित्सक को दिखाया बीमारी बताने के बाद डा ने पर्ची पर बाहर की दवा लिख दी जब उसने इस बात का विरोध किया तो डा ने उसे अनुसुना कर उसे कमरे से बाहर निकाल दिया परेशान मरीज ने इस बात की जानकारी जिला अधिकारी को दी इसके बाद जिला अधिकारी ने मामले को संज्ञान में लेकर मुख्य विकास अधिकारी के साथ सीधे जिला अस्पताल पहुंचे अस्पताल परिसर में चल रही ओपीडी कक्ष डा के रजिस्टर चेक किया और बाहर से लिखी जा रही दवा को लेकर गंभीरता से लेकर जांच पड़ताल की निरीक्षण करने के बाद वो खून की जांच विभाग में पहुंचे जहा मरीजों की लंबी लाइन देख कर उनसे बात चीत की तो मरीजों ने स्टाप पर लापरवाही का आरोप लगाया लैब टेक्नीशियन राम सूजन से खून की जांचों को लेकर जानकारी हासिल की जिसमे वो कोई संतोष जनक जवाब न दे सका जिसे हिरासत में लेकर कोतवाली भेज दिया जिला अधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल परिसर मे हड़कंप मच गया जब की मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बताते हैं जिसकी आज पोल खुल गई जिला अधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि निरीक्षण किया गया है बहुत सी खामियां पाई गई है एक विस्तृत रिपोट तैयार की जाएगी दोषियों पर कार्रवाई होगी।

## श्रीमद भागवत कथा भव सागर से तराने वाला है ग्रंथ

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। श्रीमद् भागवत तो भवसागर से तारने वाला ग्रंथ है। इसे निरंतर रसपान करते हुए जीवआत्मा परमात्मा के उस परम पद को पा लेती है जिसे पाने के लिए ऋषि मुनि ज्ञानी सदैव जब तप किया करते हैं। गृहस्थ रूपी आश्रम में रहकर श्रद्धा व भक्ति भाव से जो व्यक्ति भागवत की शरण में जाता है उसको मोक्ष प्राप्त होता है ।उक्त उदगार कानपुर से पधारे भागवत आचार्य पंडित वेद प्रकाश शुक्ला विदुर ने राधागंज बिहार में आयोजित नवरात्र महोत्सव में श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन व्यक्त किया ।उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत पुराण की कथाओं में अध्यात्म वेदांत सब कुछ भरा हुआ है ।यह ग्रंथ शद ग्र हस्त बनने में सहयोग करके जीवात्मा को परमात्मा में मिला देता है ।इसमें संपूर्ण वेदों का संग्रह किया गया है ।इसकी संस्कृति इतनी सुंदर व सरल है कि थोड़ा सा अभ्यास करने से मनुष्य उसको सहज ही समझ जाता है ।परंतु इसका आशय इतना गंभीर है की आजीवन निरंतर अभ्यास करते हुए इसका अंत नहीं आता प्रतिदिन नए-नए भाव रस उत्पन्न होते रहते हैं इससे यह सदैव नवीन बना रहता है ।एकाग्रचित होकर श्रद्धा भक्ति सहित विचार करने से इसके पद पद में परम रहस्य भरा हुआ प्रत्यक्ष प्रतीत होता है । भगवान के गुण प्रभाव और मर्म का वर्णन जिस प्रकार इस श्रीमद् भागवत पुराण में किया गया है यह सर्वथा योग्य एवं बंदिनीय है एवं मोक्षकारी है ।कार्यक्रम का आयोजन टीम रंगीला द्वारा किया जा रहा है जिसमें बच्चों द्वारा मनमोहक झांकियां भी निकाली जा रही है ? ।आयोजन बंडल के गौतम मिश्रा, शुभम द्विवेदी, हरिओम गुप्ता, अरुण कुमार उर्फ मूसा, राहुल त्रिवेदी , गौरव द्विवेदी, सत्यम दीक्षित, प्रमोद दीक्षित, प्रेम सोनी, रिंकू सिंह, गोलू चौरसिया ,रमन पाल, नीशू द्विवेदी आदि ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया।

# मास्टर ट्रेनरों व लेखपालों को ईवीएम एवं वीवीपैट व कमिसिनिंग का दिया गया प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार/ उमेश दीक्षित

हमीरपुर ।लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराने हेतु समस्त मास्टर ट्रेनरों एवं लेखपालों को ईवीएम एवं वीवीपैट व कमिसिनिंग का प्रशिक्षण प्रोजेक्टर के माध्यम से डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला उपस्थिति में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान समस्त मास्टर ट्रेनरों एवं लेखपालों को ई0वी0एम0/कमिसिनिंग व नये मास्टर ट्रेनरों को बैलेट यूनिट, कंन्ट्रोल यूनिट, वी0वी0 पैट आदि के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें लेखपालों को कमिसिनिंग से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि वी0वी0 पैट की नॉब को प्रक्रियाशील की स्थिति में क्षैतिज रखना है तथा क्रियाशील स्थिति में उर्ध्वाधर स्थिति में रखना वी0वी0 पैट को बैलेट यूनिट तथा कंट्रोल यूनिट से किस प्रकार जोड़ा जाना है तथा वीवी0 पैट के बायें तरफ बैलेट यूनिट रखा जाना है एवं ई0वी0एम0 की सीलिंग किस प्रकार की जानी है, एड्रेस टैग कहाँ पर लगाना है तथा कैरी बैग में सुरक्षित रखकर परिवहन किया जाना है। ईवीएम से सम्बन्धित समस्त प्रकार के कार्य बताए गए तथा लेखपालों को सीलिंग प्रक्रिया के बारे में बताया गया साथ ही नए मास्टर ट्रेनर को भी प्रशिक्षण दिया गया मशीन के आने वाले बिभिन्न प्रकार के एरर एवं उनके निदान के बारे में जानकारी दी गई यह प्रशिक्षण बी एस दिवाकर डीएमएलटी हमीरपुर द्वारा अपनी टीम के साथ दिया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने लेखपालों व मास्टर ट्रेनरों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण में किसी भी प्रकार की ई0वी0एम0 से संबंधित शंका हो तो उसका समाधान कर लें। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों से ई0वी0एम0 से संबंधित प्रश्न पूँछ कर उनका समाधान किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ0 नागेन्द्र नाथ यादव, जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव ,परियोजना निदेशक साधना दीक्षित, संबधित तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो सहित अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# प्लास्टिक कचरा कुप्रबंधन का जिम्मेदार देश भारत भी

भारत में लोकसभा चुनाव हो रहा है, लेकिन किसी भी दल के नेता अपनी सार्वजनिक सभा में पर्यावरण संरक्षण की बात नहीं कर रहे हैं। किसी भी दल के एजेंडे में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, स्वच्छ हवा, साफ पानी, हरित पर्यावरण, ग्रीन एनर्जी आदि जीवनोपयोगी मुद्दे नहीं हैं। यह विडंबना ही है कि न ही राजनीतिक दल और न ही नागरिक पर्यावरण को हो रहे नुकसान को लेकर चिंतित हैं। स्विस गैर-लाभकारी संस्था 'ईए अर्थ एक्शन' की 'प्लास्टिक ओवरशूट डे' रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में 60% प्लास्टिक कचरे के कुप्रबंधन के लिए जिम्मेदार बारह देशों में भारत भी शामिल है। यह रिपोर्ट प्लास्टिक कचरा प्रबंधन में भारत सरकार की कमियों को उजागर करती है, जबकि वर्ष 2019 से ही देश में सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित हैं। एक तरफ दुनिया बढ़ते तापमान को लेकर चिंतित है और इसे कम करने के लिए हरित प्रौद्योगिकी अपनाने से लेकर उद्योगों व वाहनों से होने वाले कार्बन उत्सर्जन को लक्षित स्तर पर लाने की दिशा में प्रयत्न कर रही है, तो दूसरी तरफ भारत, चीन जैसे विकासशील देश कचरा प्रबंधन में अपनी जिम्मेदारी को ठीक से नहीं निभा पा रहे हैं। यूं तो भारत का प्रति व्यक्ति प्लास्टिक कचरा उत्पादन दुनिया में सबसे कम है, लेकिन प्लास्टिक कचरा प्रबंधन के मामले में वह बहुत पीछे है। 2021 के बाद से वैश्विक प्लास्टिक अपशिष्ट उत्पादन में 7.11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अनुमान है कि इस वर्ष दुनिया में 22 करोड़ टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न हुआ है, जिसमें से 7 करोड़ टन अंततः पर्यावरण को प्रदूषित करेगा। यह रिपोर्ट कनाडा के ओटावा में संयुक्त राष्ट्र की अंतर सरकारी वार्ता समिति (आईएनसी) की चौथी बैठक से पहले आई है। दरअसल, वैश्विक नेता प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिए कानूनी रूप से बाध्यकारी उपाय विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं। विश्व के 60 प्रतिशत कुप्रबंधित प्लास्टिक कचरे के लिए बारह देश विशेष रूप से जिम्मेदार हैं। इनमें चीन, भारत, रूस, ब्राजील, मैक्सिको, वियतनाम, ईरान, इंडोनेशिया, मिस्त्र, पाकिस्तान, अमेरिका और तुर्की हैं। इस रिपोर्ट में प्रति व्यक्ति प्लास्टिक अपशिष्ट उत्पादन (प्रति वर्ष 8 किलोग्राम प्रति व्यक्ति) कम होने के कारण भारत को 'कम अपशिष्ट उत्पादक' प्रदूषक के रूप में वर्गीकृत किया गया है, पर साथ ही 2024 में देश का 74 लाख टन कचरा बिना प्रबंधन के रहने का अनुमान भी लगाया गया है, जो काफी अधिक है। रिपोर्ट में यह दावा भी किया गया है कि भारत पर्यावरण में औसतन 3,91,879 टन माइक्रोप्लास्टिक और जलमार्गों में 31,483 टन रसायन छोड़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक बेल्जियम के नागरिक सबसे अधिक प्लास्टिक कचरे का उत्पादन करते हैं। भारत में प्रति वर्ष करीब 34 लाख टन प्लास्टिक कचरा पैदा होता है जिसमें से केवल 30 प्रतिशत कचरे का ही पुनर्चक्रण (री-साइक्लिंग) किया जाता है। प्रतिदिन 26000 टन प्लास्टिक कचरा पैदा हो रहा है। भारत में प्लास्टिक की खपत सालाना आधार पर 9.7 प्रतिशत बढ़ रही है। प्रथम द्वारा जारी रिपोर्ट "रूरल प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट स्टडी 2022" के मुताबिक, भारत में औसतन 67 फीसदी ग्रामीण परिवार नियमित रूप से प्लास्टिक कचरा जलाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2019 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 2 अक्तूबर से एकल उपयोग वाली प्लास्टिक को प्रचलन से हटाने के लिए आंदोलन का आह्वान किया था, लेकिन आज 2024 के आम चुनाव के दौरान जमीनी स्तर पर देखें तो देश सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त नहीं हो पाया है।

## चुनाव तब और अब

डा. चन्द्र त्रिखा



# मर्यादाओं, मुद्दों, आदर्शों की अलविदाई

आदर्शवाद, मर्यादाएं, मुद्दे, क्षेत्रीयता, शालीनता सभी को अलविदा। साथ ही साथ गांधीवाद, साम्यवाद, समाजवाद, पूंजीवाद आदि की भी मूर्ति-विसर्जन का समय आ चुका है। वर्ष 1960 में एक अमेरिकी लेखक डेनियल बेल की एक पुस्तक आई थी, 'दी एंड ऑफ आइडियोलॉजी' (विचाराधाओं की समाप्ति)। तब यह पुस्तक अमेरिका व अन्य पश्चिमी देशों में न केवल चर्चा का विषय बनी, बल्कि 'बेस्ट सेलर' पुस्तकों में भी शिखर पर रही थी। लेकिन तब तीसरी दुनिया के देशों, जिनमें भारत भी था, में धर्मनिरपेक्षता, साम्यवाद, पूंजीवाद, गांधीवाद, समाजवाद आदि की बातें चर्चा में बनी हुई थीं। नेहरू, गांधी, सुभाष, पटेल, जेपी, लोहिया आदि भी चर्चा में बने रहते थे। कांग्रेस का चुनाव चिह्न 'दो बैलों की जोड़ी' था, साम्यवादियों का हंसिया-हथौड़ी वाला लाल झंडा, भारतीय जनसंघ का 'दीपक' और तरह-तरह के रंग-बिरंगे झंडों का चलन भी था। हजारों की संख्या में कारीगर व अन्य कामगर अलग-अलग पार्टियों के बिल्ले, झंडे, बैनर आदि के काम में महीनों तक व्यस्त रहते थे। तब किसी भी एक दुकान पर आपको सभी पार्टियों के झंडे-बैनर-बिल्ले आदि मिल जाते थे। तब 'टी-शर्ट्स' पर पार्टियों के बड़े नेताओं के चित्र व चुनाव-चिह्न छापकर मुफ्त में बांटने का रिवाज़ भी चलन में था। एक ही टेलरिंग-हाउस पर सबकी सामग्री मिल जाती थी। फर्क सिर्फ कपड़े की गुणवत्ता का होता था। कहीं रेशमी कपड़ों का प्रयोग होता था तो कहीं सूती या मखमली। झुग्गी-झोंपड़ी वाले, चुनावों के बाद झंडों का प्रयोग अपने बदन को ढंकने के लिए कर लेते थे या उन्हें अपनी कद-काठी के अनुसार सिलवा लेते थे।

तब चुनाव सभाओं में वीररस की कविताएं, नज़्में आदि भी मंचों पर चल जाती थीं। कुछ स्थानों पर भीड़ जुटाने के लिए लोकगीतों व लोकनर्तकों का भी सहारा ले लिया जाता था। गाने बजाने वाले कलाकारों को भी चार दिन खाने-कमाने का अवसर मिल जाता था। बाद में रैलियों के 'मैनेजमेंट' का सिलसिला चला। लंगर, वाहन, ट्रैक्टर-ट्रालियां, पेयजल व्यवस्था, माइक-प्रबंधन, मीडिया-मैनेजमेंट, मंच सज्जा, मंच-संचालन बैठने की समुचित व्यवस्था आदि सब कुछ चुनावी-मौसम में साधा जाता था। धीरे-धीरे निष्ठावान कार्यकर्ताओं और समर्थकों का स्थान किराए के श्रोताओं ने ले लिया। सस्ते, महंगे श्रोताओं की अलग-अलग दरें थीं। अब धीरे-धीरे इन सबका स्थान, 'रोड शो' सोशल मीडिया, प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, 'कंटेंट राइटर', विज्ञापन-डिज़ाइनर और अब एआई' अर्थात 'ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' ने ले लिया है। तकनीक हावी है।

इसी संदर्भ में कई चुनावी किस्से-कहानियां भी याद आने लगते हैं। वर्ष 1977 में उत्तरप्रदेश की बलरामपुर सीट पर हुए दिलचस्प मुकाबले में जनता पार्टी के प्रत्याशी नानाजी देशमुख ने अप्रत्याशित रूप से कांग्रेस की महारानी लक्ष्मी राजकुमारी को हरा दिया तो निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र मिलते ही उनके महल जा पहुंचे। दोनों की भेंट हुई तो महारानी अपनी तल्खी छिपा नहीं पाई, बोलीं- 'चुनाव तो आप हरा चुके मुझे, जीत की बधाई मैं पहले ही दे चुकी हूं और क्या चाहते हैं मुझसे?' नानाजी ने किंचित मुस्कुराकर कहा- 'महारानी जी, इस बार आपकी प्रजा ने एक गलती कर दी है, आपकी जगह मुझे अपना सांसद चुन लिया है और अब मेरा फजऱ्.है कि मैं आपकी ही तरह उसके बीच रहकर उसके सुख-दुख में भागीदारी करूं, परंतु न मेरे पास सिर छुपाने की कोई जगह है, न ही इतना धन कि ज़मीन खरीद कर उस पर चार दीवारें खड़ी करके छत डलवा सकूं। आप महारानी हैं, बहुत से सेवकों को घर वगैरह दिए होंगे, कृपापूर्वक मुझे भी अपना सेवक समझ लीजिए और एक छोटा सा घर दे दीजिए।' उनकी बात सुनकर महारानी थोड़ी और झुंझला उठीं। थोड़ी दूर स्थित एक गांव का नाम लिया और कहा कि सेवक हैं तो जाइये, उस गांव की सारी खाली जमीन ले लीजिए और जितना बड़ा घर चाहें, बनवा लीजिए। 'नानाजी को मुंह मांगी मुराद मिल गई। वे बोले- 'ठीक है महारानी जी, अब अपनी बात से पीछे हटियेगा नहीं' और उठ खड़े हुए। उस गांव में वे अपना घर तो क्या बनाते, एक नया गांव ही बसा डाला।

# विकासवादी राष्ट्रवाद बनाम तुष्टिकरण



लोकसभा चुनाव

प्रो. महेश चंद गुप्ता

चुनावी परिदृश्य पर भाजपा का हिंदुत्व, विकासवादी राष्ट्रवाद और कांग्रेस का 'तुष्टिकरण' पर जोर है। इस लोकसभा चुनाव में यदि भाजपा हिंदुत्व, विकास और राष्ट्रवाद की बात कर रही है तो कांग्रेस अपनी तुष्टिकरण की पुरानी नीति को छोड़ नहीं पा रही है। यदि कहें कि एजेंडे को लेकर कांग्रेस भ्रमित है, तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। कांग्रेस और उसके नेता कभी तो हिंदुओं को साथ लेकर चलने की बात करते नजर आते हैं और कभी अपनी पुरानी अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की नीति पर लौट आते हैं। जाहिर है, कांग्रेस पुराने ढर्रे पर है, वह अभी भी मुस्लिम तुष्टिकरण की बदौलत कोई नई राह निकालने की कोशिश में ही जुटी दिख रही है।

पूरा देश वर्तमान में चुनावी मोड में है। एक ओर भाजपा केन्द्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने की मशक्कत में जुटी है, वहीं दूसरी ओर विपक्षी दल भाजपा की राह रोकने की कोशिश में जुटे हैं। आईएनडीआई (इंडी) गठबंधन, जिसमें कांग्रेस शामिल है, भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमलावर है। इंडिया में विभिन्न दल हैं लेकिन मोदी अपने भाषणों में ज्यादातर कांग्रेस को ही निशाना बना रहे हैं। चुनाव में वैसे तो कई मुद्दों पर चर्चा हो रही है लेकिन चुनावी परिदृश्य पर भाजपा का हिंदुत्व, विकासवादी राष्ट्रवाद और कांग्रेस का 'तुष्टिकरण' छाया हुआ है।

लोकसभा चुनाव में यदि भाजपा हिंदुत्व, विकास और राष्ट्रवाद की बात कर रही है तो यह उसके लिए कोई नई बात नहीं है। हिंदुत्व, विकास और राष्ट्रवाद के मुद्दे भाजपा के साथ स्थाई रूप से जुड़ चुके हैं। कांग्रेस भले ही आरोप लगाती आ रही है कि भाजपा का हिंदुत्व और राष्ट्रवाद चुनाव जीतने के लिए है लेकिन भाजपा और उसके समर्थक वोटरों पर इसका कोई असर पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है। कांग्रेस भाजपा के हिंदुत्व को धर्म से जोड़ती है जबकि भाजपा के लिए हिंदुत्व एक संस्कृति का परिचायक है। सर्वोच्च न्यायालय भी यह बात कह चुका है कि हिंदुत्व एक संस्कृति है। भाजपा के हिंदुत्व में प्रत्येक राष्ट्रवादी भारतीय शामिल है। पार्टी मानती है कि एक हिंदू के रूप में पहचान प्रत्येक भारतीय की सांस्कृतिक नागरिकता है। हिंदू कोई धर्म, संप्रदाय या पंथ नहीं है। यह एक सांस्कृतिक शब्द है। इस प्रकार जहां भाजपा का रुख इस मामले में स्पष्ट है, वहीं कांग्रेस इस मामले में पिछले दस सालों से लगातार दुविधा में दिख रही है।

कांग्रेस और उसके नेता कभी तो हिंदुओं को साथ लेकर चलने की बात करते नजर आते हैं और कभी अपनी पुरानी तुष्टिकरण की नीति पर लौट आते हैं। कभी तो राहुल गांधी मंदिरों में पूजा करके, जनेऊ पहन कर और अपने को ब्राह्मण बताकर हिंदुत्व के प्रति अपना सॉफ्ट रुख दशाने की कोशिश करते हैं तो थोड़े ही समय बाद इसे भूलकर मुस्लिम वोटरों को पार्टी की ओर खींचने का यत्न करने में जुटे जाते हैं। जाहिर है, कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण को छोड़ नहीं पा रही है। या कहें कांग्रेस एजेंडे को लेकर भ्रमित है। कांग्रेस ने हाल में चुनाव घोषणा पत्र जारी किया तो वह पीएम मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह समेत तमाम भाजपा नेताओं के निशाने पर आ गई। मोदी बोले कि तुष्टिकरण के दलदल में कांग्रेस इतना डूब गई है कि उससे कभी बाहर नहीं निकल सकती। कांग्रेस का घोषणा पत्र कांग्रेस का नहीं, बल्कि मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र लगता है। उसके हर पन्ने से मुस्लिग लीग की बू आती है। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण करने वाली पार्टी है। कांग्रेस की चार पीढ़ियां तुष्टिकरण करती रहीं।

दरअसल, कांग्रेस ने अपने घोषणा में अल्पसंख्यकों से वादा किया है कि यदि कांग्रेस को मौका मिलता है तो वह संविधान के तहत धार्मिक अल्पसंख्यकों को दिए गए अधिकारों का आदर करेगी और उन्हें बरकरार रखेगी। पार्टी विदेश में पढ़ाई के लिए मौलाना आजाद छात्रवृत्ति को फिर से लागू करेगी और छात्रवृत्ति की संख्या



बढ़ाएगी। कांग्रेस ने प्रत्येक नागरिक की तरह अल्पसंख्यकों को भी पोशाक, खान-पान, भाषा और व्यक्तिगत कानूनों की स्वतंत्रता देने और व्यक्तिगत कानूनों में सुधार को बढ़ावा देने की बात कही है। इसके जवाब में भाजपा सच्चर कमेटी की रिपोर्ट का मुद्दा भी उठा रही है। भाजपा का कहना है कि सच्चर कमेटी की रिपोर्ट में मुसलमानों की जो दुर्दशा बताई गई, उसके लिए कौन जिम्मेदार है? दशकों तक कांग्रेस की सरकार रही, लेकिन कभी कांग्रेस ने मुसलमानों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के बारे में नहीं सोचा। कांग्रेस हमेशा वोट बैंक के तौर पर ही मुसलमानों का इस्तेमाल की है।

कांग्रेस का मुस्लिम प्रेम इस घोषणा पत्र से पहली बार नहीं झलका है। उसकी लाइन सदा से ही यही रही है। एक ओर जहां भाजपा के हिंदुत्व में सभी राष्ट्रवादी भारतीयों को समाहित किया जाता है, वहीं कांग्रेस सिर्फ और सिर्फ अल्पसंख्यकों की ही बात करती है। मुस्लिम शुरू से ही कांग्रेस का बड़ा वोट बैंक रहे हैं, जो कालांतर में उससे छिटक गए और पार्टी उन्हें फिर से साधना चाह रही है। पार्टी के नेताओं के समय-समय पर आए बयानों से यह स्पष्ट होता रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का वह बयान आज भी सबको याद है जिसमें सिंह ने कहा था कि देश के बजट पर पहला हक मुसलमानों का बनता है। गुजरात विधानसभा के चुनाव में सिद्धपुर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी चंदन ठाकोर ने कहा था कि केवल मुसलमान ही कांग्रेस को बचा सकते हैं। कांग्रेस मुसलमानों के लिए बोलती रहे, तब भी ठीक है लेकिन हिंदुओं को निशाना बनाकर पार्टी ने बड़ी भूल की है। डेढ़ दशक पहले कांग्रेस नेता पी. चिदम्बरम का भगवा आतंकवाद वाला बयान लोग आज भी भूले नहीं हैं। श्रीराम मंदिर में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के समारोह का आमंत्रण ठुकरा कर कांग्रेस ने अपने ही पांव पर कुल्हाड़ी मारी है। कांग्रेस के बड़े नेता बार-बार अपने आलाकमान को समझाते रहे हैं लेकिन उससे पार्टी कोई सबक नहीं ले रही है। वर्ष 2014 में कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद वरिष्ठ नेता ए.के. एंटनी को पराजय की समीक्षा का दायित्व सौंपा था। एंटनी ने समीक्षा रिपोर्ट में साफ कहा कि कांग्रेस ने मुस्लिम तुष्टिकरण की जो नीति अपनाई, वह उसके लिए घातक साबित हुई। हैरानी की बात है, कांग्रेस फिर भी धरातल की स्थिति को समझ नहीं पाई और तुष्टिकरण की राह पर ही चलती रही। कांग्रेस को तुष्टिकरण की नीतियों को छोडक़र राष्ट्र उत्थान व राष्ट्रवाद की मुख्यधारा में शामिल होने के लिए अल्पसंख्यक समुदायों को प्रेरित करना चाहिए था। राष्ट्रीय समानता, एक भारत-श्रेष्ठ भारत, समान नागरिक अधिकार, जनसंख्या नियंत्रण आदि विषयों पर उन्हें जागृत करना चाहिए था जिससे राष्ट्र के उत्थान एवं देश की समस्याओं को सुलझाने में उनका योगदान भी अधिकाधिक रहता। लेकिन ऐसा न कर कांग्रेस ने हमेशा तुष्टिकरण को बढ़ावा देकर देश की जनसंख्या को बांटने का काम किया। नागरिकता संशोधन एक्ट का अकारण विरोध भी कांग्रेस के गले की फांस बन रहा है। पार्टी ने उन तमाम आवाजों को अनसुना करती आ रही है, जिनमें हिंदुओं को भी साथ लेकर चलने पर जोर दिया गया। अन्य क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय पार्टियां भी तुष्टिकरण की ही राह पर चलती आ रही हैं। इसके विपरीत भाजपा ने हिन्दुत्व और राष्टवाद की राह पर चलते हुए 2019 के लोकसभा चुनाव में भी फतह हासिल की और अब एक बार फिर इन्हीं मुद्दों को लेकर जनता के सामने है। भाजपा ने अपने रुख में कोई बदलाव नहीं किया है। वह अपने मुद्दों और विचारधारा पर अडिग है। अब तो श्रीराम मंदिर का निर्माण भी हो चुका है, समान नागरिक संहिता का मुद्दा भी आम जन को आकर्षित कर रहा है। देश के लोग भाजपा के शासन (अटल सरकार के कार्यकाल को मिलाकर) पर गौर करेंगे, जिसमें राष्ट्र उत्थान, विकसित भारत, श्रेष्ठ भारत, विश्व गुरु भारत के सपने पर फोकस किया गया है।

## गलतियों को खुले मन से स्वीकार करें



संकलित

दर्शन

कार्य संपन्न होने की प्रक्रिया में कदाचित त्रुटियां रह सकती हैं, भले ही कार्य निष्ठा से किया जाए। अगर कोई आपके किए-कराए में चूक निकाले, उस पर टिप्पणी करे तो नाराज होने के बजाय उसे खुलेमन से स्वीकार करें। वैसे आप गलतियां करने से तभी बच पाएंगे, जब कुछ नहीं करेंगे। अपने अवगुण या खोट को स्वीकार करना श्रेष्ठ मानवीय गुण है। औसत सोच का व्यक्ति ऐसा करने में असमर्थ होता है। अवांछनीय या अनुचित कार्य की अनदेखी का अर्थ है संशोधन के द्वार बंद कर देना। सर्वगुणसंपन्न व्यक्ति तो साक्षात देवता है। भूल-चूक की स्वीकारोक्ति प्रगति की राह में पहला चरण है। इस प्रक्रिया में आप अनेक व्यक्तियों का विश्वास जीतते हैं। जिस सत्य का सामना करने के लिए तैयार नहीं, उसे बदलेंगे कैसे? जिसे अपनी अपूर्णताओं का आभास नहीं वह मूर्ख नहीं, बल्कि दयनीय है, क्योंकि ऐसा व्यक्ति अपने अवगुणों को दूर नहीं कर सकेगा। जिस सीमा तक हम अपनी अपूर्णताओं और अवांछनीय व्यवहार के प्रति सजग रहेंगे और समाधान की ओर अग्रसर रहेंगे, उसी अनुपात में हम नैतिक रूप से समृद्ध होंगे। व्यावहारिक जीवन में संयमी, संयत व्यक्ति से भी भूल-चूक हो जाती है। उन्नत सोच का व्यक्ति अपनी भूल को तुरंत स्वीकार कर लेगा। मध्यम सोच वाले को गलती का अहसास तो होगा, वह मन में कुढ़ेगा भी, किंतु लज्जित होने की आशंका से वह गलती को खुलेआम नहीं मानेगा।

## एक सत्संग ऐसी भी



संकलित

प्रेरणा

एक सेठ और सेठानी रोज सत्संग में जाते थे। सेठजी के घर एक पिंजरे में तोता पाला हुआ था। तोता एक दिन पूछता हैं कि सेठजी आप रोज कहाँ जाते है। सेठजी बोले कि, सत्संग में ज्ञान सुनने जाते है। तोता कहता है, सेठजी संत महात्मा से एक बात पूछना कि में आजाद कब होऊंगा। सेठजी सत्संग खत्म होने के बाद संत से पूछते है कि महाराज हमारे घर जो तोता है उसने पूछा हैं की वो आजाद कब होगा? संत जी ऐसा सुनते हीं बेहोश होकर गिर जाते है। घर आते ही तोता सेठजी से पूछता है कि सेठजी संत ने क्या कहा। सेठजी कहते है तेरी आजादी का पूछते ही वो बेहोश हो गए। दूसरे दिन सेठजी सत्संग में जाने लगते है तब तोता पिंजरे में जानबूझ कर बेहोश होकर गिर जाता हैं। सेठजी उसे मरा हुआ मानकर जैसे हीं उसे पिंजरे से बाहर निकालते है, तो वो उड़ जाता है। सत्संग जाते ही संत सेठजी को पूछते है कि कल आप उस तोते के बारे में पूछ रहे थे ना अब वो कहाँ हैं। सेठजी कहते हैं, हाँ महाराज आज सुबह-सुबह वो जानबुझ कर बेहोश हो गया , मैंने देखा की वो मर गया है इसलिये मैंने उसे जैसे ही बाहर निकाला तो वो उड़ गया। तब संत ने सेठजी से कहा की देखो तुम इतने समय से सत्संग सुनकर भी आज तक सांसारिक मोह-माया के पिंजरे में फंसे हुए हो और उस तोते को देखो बिना सत्संग में आये मेरा एक इशारा समझ कर आजाद हो गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जागरूक होकर करें मतदान

इस बार जो लोकसभा का चुनाव होने जा रहा है, उम्मीद है कि मतदाता इस चुनाव में समझदारी से अपने कीमती मत का प्रयोग करेंगे। उम्मीद यह भी है कि शत प्रतिशत मतदाता चुनाव में भाग लेंगे। मुफ्तखोरी, लोभ-लालच, धर्म-जाति की भावनाओं से बचेंगे। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र दिन प्रतिदिन कुछ स्वार्थी लोगों के कारण नेतातंत्र बनता जा रहा है। स्वार्थ के इस दौर में सबको अपने पेट और तिजोरियां भरने की चिंता है, लोकतंत्र की किसको परवाह है? गणतंत्र वह शासन प्रणाली होती है जिसमें प्रजा पर शासन करने वाला कोई राजा या रानी नहीं, बल्कि जनता का चुना हुआ प्रतिनिधि होता है।

- सुनील ठाकुर, धमतरी

## करंट अफेयर

# रूस के हमले में यूक्रेन का ऊर्जा संयंत्र तबाह

रूस के मिसाइल और ड्रोन हमले में यूक्रेन के सबसे बड़े ऊर्जा संयंत्रों में से एक तबाह हो गया और साथ ही अन्य इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रूस ने ऊर्जा संयंत्रों को निशाना बनाकर हमला करने के लिए एक अभियान शुरू किया है, जिसके तहत ये कार्रवाई की गयी। अधिकारियों ने बताया कि कीव, चर्कासी और जाइटॉमिर क्षेत्रों को बिजली की आपूर्ति करने वाले सबसे बड़े ऊर्जा संयंत्र ट्राइपिल्स्का पर कई बार हमला किया गया जिससे ट्रांसफार्मर और जनरेटर नष्ट हो गए और संयंत्र में आग लग गई। एक अधिकारी ने बताया संयंत्र के चारों ओर आग की लपटें उठ रही थीं



## ऑफ बीट

# क्या चुकंदर वनस्पति वियाग्रा तो नहीं है

क्या चुकंदर वास्तव में वनस्पति वियाग्रा है? जैसा कि यूके टीवी डॉक्टर माइकल मोस्ले सुझाव देते हैं। हालांकि चुकंदर के अन्य स्पष्ट स्वास्थ्य लाभों के बारे में कम बात होती है, जो आपके रक्तचाप को कम करने से लेकर आपके दैनिक कसरत के लाभ बढ़ाने तक है। विज्ञान यही कहता है। चुकंदर में ऐसा क्या खास है? चुकंदर एक 'सुपरफूड' है और इसमें प्रति ग्राम कुछ विटामिन और खनिजों का स्तर औसत से ऊपर होता है।चुकंदर विशेष रूप से विटामिन बी और सी, खनिज, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। अधिकांश खाना पकाने के तरीके इसके एंटीऑक्सीडेंट स्तर में महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं करते हैं।



## ट्रेंड

### मुझे पैरोल नहीं दिया



कांग्रेस कहती है कि मोदीजी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन गए तो लोकतंत्र ख़तरे में पड़ जाएगा। इंदिरा गांधी ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए पूरे देश पर एमरजेंसी थोपी। मैं 18 महीने तक जेल में रहा और यहां तक मेरी मां के अंतिम संस्कार करने के लिए भी मुझे परोल तक नही दिया।

-राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री

### थाली में क्या होगा



ऐपेटाइज़र लाते-लाते 10 साल लगा दिए। मेन कोर्स तो 100 साल लगा देंगे। बंदा इंतजार करते-करते मर जाएगा। जब गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी रिकॉर्ड तोड़ स्तर पर है तो थाली में क्या होगी?

-लालू यादव, राजद नेता

### ऐसा व्यवहार निंदनीय



आंदोलित महिलाओं के साथ ऐसा व्यवहार करना निंदनीय है। किसी भी समाज के साथ ऐसा व्यवहार करने की बजाय सरकार को सम्मानित ढंग से उनसे बात करनी चाहिए। लोकतंत्र में संवाद की बजायपुलिसिया जुल्म के ख़िलाफ़खड़े होंगे।

-बजरंग पुनिया, पहलवान

### ग़लती दिखती है, मानता हूं



मेरे पास कोई विचारधारा नहीं है, विचार हैं। न किसी का वकील हूं न ही किसी की हर बात का समर्थक। किसी व्यक्ति/विचार/संस्था की सामान्य दिशा-प्रकृति-व्यवहार देख कर अपना रुख़ तय करने की कोशिश करता हूं। जहां ग़लती दिखती है मानता हूं।

-राहुल देव, पत्रकार

## संक्षेप

### पुलिस नही कर रही कार्यवाही, दर-दर भटक रहा पीड़ित

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के नदौली गांव निवासी विजय कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय जसकरन सिंह ने 20 मार्च को स्थानीय थाना प्रभारी को शिकायती पत्र दिया था जिसमें आरोप लगाया था कि गांव के ही बाबू सिंह, पुतान सिंह, राजेश सिंह आदि लोगों के द्वारा पैतृक घर का ताला तोड़कर कमरे में रखी पीतल के भारी बर्तन, कुर्सियां, फर्नीचर इत्यादि गृह उपयोगी अन्य तमाम सामान चोरी कर ले गए किंतु एक माह बीतने के बावजूद स्थानीय थाना में ना तो पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है और न ही किसी प्रकार की कार्यवाही पुलिस के द्वारा की गई उपरोक्त व्यक्तियो के द्वारा प्रार्थी को जान से मारने की धमकी इत्यादि लगातार दी जा रही है। वही उपरोक्त पीड़ित ने कहा कि पीड़ित कार्रवाई के लिए जब भी स्थानीय थाना में जाता है। तो सिर्फ मामले को टालने का प्रयास किया जा रहा है। किस मजबूरी के तहत पुलिस ऐसे व्यक्तियों पर करवाई करने के नाम पर कतरा क्यों रही है। वही उपरोक्त घटना के संबंध में थाना प्रभारी रेखा सिंह से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मामले में दोनो पक्षों को बुलाया गया हैवही इस संबंध में क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ अरविंद चौरसिया ने बताया कि मामले में जांच कराई जाएगी जांच के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

### सामान खरीदने आए युवक की बाइक चोरों ने किया पार

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। बाजार में समान खरीदने आए युवक की बाइक चोरों ने पार कर दी काफी लताश करने के बाद युवक ने पुलिस को बाइक चोरी की तहरीर दी पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है कोतवाली क्षेत्र के मवई लाल निवासी महेश पुत्र दीना ने पुलिस को दिए शिकायत पत्र में बताया कि उसकी पुत्री का तिलक है जिसका वो समान खरीदने के लिए गांव के ही चंद्र शेखर की बाइक मांग कर सफीपुर कस्बा आया था और वो कोतवाली के सामने बाइक खड़ी कर सामान खरीदने चला गया वापस लौटा तो उसकी बाइक मौके से गायब थी उसकी तलाश इधर उधर किया लेकिन पता नहीं चल सका प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया तहरीर मिली है जांच पड़ताल की जा रही है।

### पुलिस ने बदमाश को अवैध तमंचे के साथ पकड़ा

मिल्कीपुर, अयोध्या पुलिस की टीम ने एक बदमाश को साई सावित्री महाविद्यालय मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त के पास एक तमंचा व कारतूस बरामद किया। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की। पुलिस टीम ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 307 समेत अन्य धाराओं में कई मुकदमे पंजीकृत है।

# तीन दिन से लापता मासूम का शव मिलने से मचा हड़कंप

## मौके पर पहुची फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव





नितिक (फाइल फोटो)

गरौठा, झांसी। झांसी जिले के गुरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मडोरी में तीन दिन से लापता एक आठ वर्षीय मासूम बच्चे का शव गड्ढे में मिलने से हड़कंप मच गया।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्राम मडोरी निवासी नितिक (8) पुत्र कल्लू पिछले 3 दिन से लापता था। जिसकी शिकायत परिजनों द्वारा गुरसरांय पुलिस से की गयी थी। पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए बच्चे खोजबीन शुरू कर दी थी।सोमवार की सुबह बच्चे का शव गांव के ही एक घर के बाहर गड्ढे में भरे पानी में उतराता मिला। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी गरौठा रामवीर सिंह, गुरसराय थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार अवस्थी, ककरवई थाना अध्यक्ष कौशल किशोर मिश्रा, गरौठा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बेद प्रकाश पांडेय द्वारा घटनास्थल का जायजा लिया और इसकी सूचना फॉरेंसिक टीम को दी गई। वही जैसे ही मासूम की मौत की खबर परिजनों को हुई तो परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम जांच में जुट गई है। पुलिस ने शव को गड्ढे से बाहर निकालकर मौत का वास्तविक कारण जानने के लिए शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# समाजसेवी पूर्व सैनिक बने राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के संरक्षक

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पूर्व सैनिक संयुक्त संगठन उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले की मासिक बैठक के दौरान राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के संस्थापक/अध्यक्ष अंकित शुक्ला द्वारा समाजसेवी पूर्व सैनिक ए के दीक्षित को सेवा परिषद के संरक्षक पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर संगठन के उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों ने संगठन के संस्थापक वा प्रदेश अध्यक्ष वेटरन ए के दीक्षित को इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए संगठन परिवार की तरफ से हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित किया। पूर्व सैनिक संगठन के अलावा कई सामाजिक संस्था की जिम्मेदारी निभा रहे समाजसेवी पूर्व सैनिक ए के दीक्षित ने कहा कि यह नई सामाजिक जिम्मेदारी हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है जिसे हम अपनी पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ निस्वार्थ भाव से निभाने की कोशिश करेंगे क्योंकि राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद हमेशा समाज हित और समाज के जरूरतमंद लोगों के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है जिसमे निर्धन परिवार की बेटियो की शादी के लिए भी प्रयासरत है। इस प्रकार के पावन और पुनीत संस्था से जुड़कर अपने आपको सौभाग्यशाली समझता हूं। इसके साथ ही राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के संस्थापक वा अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने कहा कि संस्था में माननीय संरक्षक के शामिल होने पर जहा एक तरफ संस्था को मजबूती और मार्गदर्शन मिलेगा साथ ही अपने लक्ष्य की प्राप्ति करेगी संस्था में बड़े बड़े अफसर भी शामिल है।

# घर के अंदर फंदे से लटका मिला महिला का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के अमरसस गांव में महिला का शव घर की पहली मंजिल पर बने कमरे में दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। चार साल पहले विवाह हुआ था। जांच के लिए पुलिस के साथ नायब तहसीलदार भी पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने भी जांच कर साक्ष्य जुटाए। मृतका की चूड़ियां और उसका मोबाइल टूटा मिला। मायकेवालों ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पति को हिरासत में लिया है।अचलगंज थाना क्षेत्र के अमरसस गांव निवासी रोहित विमल की पत्नी पूनम (27) का शव रविवार देर शाम घर की पहली मंजिल पर बने कमरे में दुपट्टे के फंदे से लटक रहा था। घटना के समय पति रोहित घर से बाहर था। सास सुमिता नीचे के कमरे में थीं। शाम को रोहित जब घर आया और उसे नीचे पूनम नहीं दिखी तो वह ऊपर कमरे में देखने गया। वहां शव लटका देख परेशान हो गया। पत्नी का शव देख उसने मां को बताया, इससे कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर एसओ के साथ सीओ माया राय, नायब तहसीलदार यशवंत सिंह फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। कमरे में टूटा मोबाइल मिलने के साथ ही टूटी चूड़ियां भी मिलीं। पति कुवैत में रहता था। 15 फरवरी को वह घर आया था। तब से यहीं हैं। बेटी की मौत की सूचना शहर के गांधीनगर मोहल्ला निवासी पूनम का भाई राजेश और मां राजेश्वरी घर पहुंचीं और ससुरालीजनों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया। कहा कि बेटी की शादी 29 फरवरी 2020 को हुई थी। शादी के चार साल बीतने के बाद भी बच्चे न होने से यह लोग उसे प्रताड़ित करते थे। एसओ संजीव कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# रेडियो और किमो थेरेपी से ब्रेन मेटास्टेसिस का बताया इलाज

- चंडीगढ़ पीजीआई में कानपुर से कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद कुमार ने दिया व्याख्यान

अमन लेखनी समाचार





कानपुर, चंडीगढ़ पीजीआई में संपन्न हुई इंडियन सोसाइटी ऑफ न्यूरो ऑन्कोलॉजिस्ट 2024 में कानपुर से एक मात्र कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद कुमार ने हिस्सा लिया। इस कॉफ्रेंस में पूरे देश और विदेश से करीब चार सौ विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया ता। इसमें ब्रेन मेटास्टेसिस से संबंधित इलाज के बारे में डॉक्टरों ने चर्चा की। कानपुर जेके कैंसर हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि पूरे यूपी से पांच डॉक्टरों ने इस कॉफ्रेंस में प्रतिभाग किया था। तीन लखनऊ, एक इटावा और एक कानपुर के डॉक्टर शामिल थे। इसमें डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि लंग्स कैंसर और चेस्ट कैंसर के मरीज में लंबे समय के बाद ब्रेन मेटास्टेसिस की समस्या हो जाती हैं। ऐसे मरीजों का ऑपरेशन नहीं किया जा सकता है, लेकिन इन मरीजों को रेडियो और कीमोथेरेपी के माध्यम से उसकी लाइफ को बेहतर बनाया जा सकता है। इससे मरीजों की लाइफ को छह माह से एक साल तक की बढ़ा सकते हैं। डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि नई तकनीकी के बारे में लोगों को बताया गया कि किस तरह से ब्रेन में बीमारी के पहुंचने के बाद उसे कैसे कंट्रोल कर सकते हैं। नई तकनीकी के माध्यम से मरीजों को इलाज देने की विधि के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि कॉन्फ्रेंस में आने वाले चिकित्सकों ने अपनी - अपनी तकनीकी के बारे में जानकारी दी। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से पता चलता है कि कैंसर जैसी बीमारी में हम लोग किस तरह से उसे कंट्रोल कर सकते हैं।

# एआई टेक्नोलॉजी कंप्यूटर प्रशिक्षण संस्थान में मनाई गई डॉ. अंबेडकर की जयंती मनाई

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

गुरसरांय। नगर के एआई टेक्नोलॉजी कंप्यूटर प्रशिक्षण संस्थान में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार अरुण चतुर्वेदी ने की व मुख्य अतिथि पार्षद नितेश मोदी रहे। वक्ताओं ने भारत रत्न डॉक्टर अंबेडकर साहब के बारे में अपने अपने विचार व्यक्त किये और

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अनुकरण करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अरुण चतुर्वेदी पार्षद नितेश मोदी के द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें पुष्पांजलि भेंट की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार अरुण चतुर्वेदी ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर भारत के महापुरुष हैं।

उन्होंने भारत के संविधान निर्मित होने में जो योगदान दिया है वह अनुकरणीय है। साथ ही उनका जीवन चरित्र हम सभी को सब के साथ एक जैसा व्यवहार करने की प्रेरणा देता है। आज हम सभी को उनके आदर्शों का अनुकरण करने का संकल्प लेते हुए अपनी कार्यप्रणाली में उन्हें अनुकरण करना चाहिए ताकि भारत देश एवं समाज का और अधिक विकास तेजी से आगे बढ़ सके। अंत में आभार अंकित सेगर ने व्यक्त किया। इस अवसर पर खुशबू विश्वकर्मा, प्रिंसी यादव, नितिन मोदी आदि मौजूद रहे।

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने फांसी लगाकर दी जान

फंदा टूटने पर बेड पर गिरा तो परिवारीजनों को हुई जानकारी, हॉस्पिटल में डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

अमन लेखनी समाचार



कानपुर, नौबस्ता थाना क्षेत्र के यशोदा नगर निवासी एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने बीमारी और शादी नहीं होने से अवसाद में जाने के बाद सुसाइड कर लिया। फांसी लगाने के बाद फंदा टूटा तो परिवार के लोग आवाज सुनकर कमरे में पहुंचे, उसे गंभीर हालत में कांशीराम हॉस्पिटल ले गए। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नौबस्ता पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। यशोदा नगर एन ब्लॉक निवासी योगेंद्र बाजपेई एक इंटर कॉलेज से रिटायर हैं। योगेंद्र ने बताया कि उनका बेटा प्रवीन बाजपेई (40) सॉफ्टवेयर इंजीनियर था। चार साल से घर पर था, लेकिन इससे पहले अमेरिका, रंगून और अफ्रीका में कई मल्टीनेशनल कंपनियों में ननौकरी कर चुका था। बीते चार साल से वह कानपुर में ही था। मौजूदा समय में उसे पेट की बीमारी थी, जिसका ट्रीटमेंट चल रहा था। बीमारी के साथ ही दूसरी तरफ शादी नहीं होने से अवसाद में चला गया था। रात को घर के सभी सदस्य अपने कमरे में थे। इसी दौरान प्रवीन ने फांसी लगा ली। चाचा सुरेंद्र बाजपेई ने बताया कि प्रवीण के कमरे में कुछ गिरने की आवाज सुन सभी लोग कमरे में पहुंचे तो दंग रह गए। प्रवीण अचेत हालात में जमीन पर पड़ा था, उसके गले में फंदा था। परिवार के लोग उसे आनन फानन में कांशीराम अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# एक हफ्ते में इन्फ्लूएंजा वायरस के भर्ती हुए 50 मरीज

## शारीरिक क्षमता कम होने पर महीनों खांसी से नहीं मिल रहा छुटकारा

अमन लेखनी समाचार





कानपुर, कानपुर में इन्फ्लूएंजा वायरस काफी तेजी से सक्रिय हो गया है। एक हफ्ते के अंदर लगभग 50 मरीज को भर्ती किया गया है। इन दिनों हैलट अस्पताल की ओपीडी में लगभग 15 से 20% मरीजों में वृद्धि देखी गई है। मरीज बुखार, खांसी, कमजोरी, सिर दर्द, शरीर दर्द, घबराहट, भूख न लगना, निंद न आने की समस्या लेकर हैलट ओपीडी में आ रहे हैं। कानपुर मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के प्रो. डॉ. जेएस कुशवाहा ने बताया कि वायरस का अटैक होने के बाद जो लोग लापरवाही बरत रहे हैं। उनके सामने ज्यादा समस्या आ रही है। ऐसे मरीजों की खांसी ठीक होने में 2 से 3 माह तक का समय लग रहा है। वहीं, बुखार की समस्या तो 7 से 10 दिनों में ठीक हो जाती है। डॉ. कुशवाहा ने बताया कि यह वायरस बहुत तेजी से लोगों पर अटैक कर रहा है, जिन लोगों ने लापरवाही बरती उन मरीजों में दिमागी बुखार का अटैक भी पड़ रहा है। आए दिन इमरजेंसी में 5 से 6 मरीज ऐसे आ रहे हैं, जिनकों दिमागी बुखार का अटैक पड़ा है। प्रोफेसर डॉ. जेएस कुशवाहा ने बताया, इन्फ्लूएंजा वायरस जब अटैक करता है तो सबसे पहले मरीज को तेज बुखार आता है। इसके बाद पेट में संक्रमण फैलने लगता है। इन दिनों जो भी मरीज ओपीडी में आ रहे हैं, उनको पेट में दर्द, लूज मोशन, बुखार की समस्या अधिक है। पेट में संक्रमण होने के कारण मरीज खाने-पीने में भी असमर्थ हो जाता है। ऐसे में उसकी शारीरिक क्षमता कम होती जाती है और मरीज बहुत कमजोर हो जाता है।

# मोतिगरपुर सीएचसी में लगी आग

- पैथालॉजी रूम में शॉर्ट-सर्किट से आग लगने से 4 लाख का नुकसान, कीमती उपकरण जले

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुलतानपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पैथालॉजी रूम में संदिग्ध परिस्थितयों में आग लग गई। इसमें कीमती उपकरण जलकर राख हो गए। करीब चार लाख रुपए कीमत के उपकरण जले हैं। इस मामले में सीएचसी अधीक्षक ने तीन सदस्यीय टीम बनाकर जांच के आदेश दिए हैं। बीती रात जिले के मोतिगरपुर स्वास्थ्य केंद्र के पैथालॉजी रूम में संदिग्ध परिस्थितयों आग लग गई। किसी को भी इसकी कानो कान खबर नहीं हुई। यहां लगा अलार्म भी खराब पड़ा रहा, जिससे किसी को कोई संकेत नहीं मिले। जब रूम से तेजी से धुंआ उठने लगा तब जाकर सीएचसी के स्टॉफ को आग लगने की जानकारी हुई। काफी धुआं उठने से सीएचसी में अफरा-तफरी मच गई। पैथालॉजी रूम का दरवाजा खोलकर अग्निशमन यंत्र से आग पर काबू पाया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. गिरीश चंद्र ने बताया कि आग से रूम में रखा प्रिंटर, यूपीएस, डायलुएंट , लायज , सीवीसी मशीन ( हीमोग्लोबिन, प्लेटलेट्स, टीएलसी, डीएलसी आदि जांचें की जाती हैं), जेएसबी स्टेन जैसे उपकरण जलकर राख हुए हैं। इन उपकरणों की अनुमानित लागत करीब 4 लाख रुपए के आसपास है। उन्होंने बताया कि संभावना यही लग रही है कि शॉर्ट-सर्किट से आग लगी है। तीन सदस्यीय टीम जांच कर रही है जो तीन दिनों के अंदर अपनी रिपोर्ट देगी।

# मिल्कीपुर में 120 ट्रांसफार्मरों की बढ़ाई गई क्षमता

बदले जा रहे जर्जर विद्युत तार, 95 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगी गर्मी राहत

अमन लेखनी समाचार

मिल्कीपुर, मिल्कीपुर में गर्मी में बिजली उपभोक्ताओं को सुचारु रूप से बिजली मिल सके। इसके लिए विद्युत विभाग ने तैयारी शुरू कर दिया है। विभाग द्वारा करीब 120 ट्रांसफॉर्मर की क्षमता में वृद्धि किया है। वहीं आधा दर्जन नए ट्रांसफॉर्मर लगाने के साथ ही जर्जर हो रहे तारों को बदला जा रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ बिजली की मांग बढ़ जाती है और अधिक लोड होने के कारण कही न कही ट्रांसफार्मर जल जाता है। इसके साथ कही तार टूट जाता है और उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति में दिक्कत होती है। उपभोक्ताओं को समय से और बिना ट्रिपिंग बिजली मिल सके, इसके लिए गर्मी बढ़ने के साथ बिजली विभाग तैयारी में जुटा हुआ है। इसके तहत बिजली विभाग पुराने हो चुके 120 ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता में वृद्धि किया है। साथ ही आधा दर्जन नए ट्रांसफॉर्मर लगा दिए है। पुराने हो गए जर्जर तार को बदल रहा है इससे न सिर्फ 95000 हजार उपभोक्ताओं को सुचारु रूप से बिजली मिलेगी, बल्कि बिजली चोरी पर भी अंकुश लगेगा। उपखंड अधिकारी कुमारगंज संतोष कुमार एवं एसडीओ मिल्कीपुर अमित कुमार सिंह ने बताया कि उपभोक्ताओं को सुचारु रूप से बिजली उपलब्ध कराने के लिए 10 केवी से लेकर 250 केवी तक के ट्रांसफार्मरों की क्षमता में वृद्धि की गई है। जितने भी पुराने ट्रांसफॉर्मर थे विद्युत उपभोक्ताओं की संख्या को देखते हुए उनकी क्षमता बढ़ा दी गई है आवश्यकता के अनुसार नए ट्रांसफॉर्मर को लगाने के साथ जर्जर विद्युत तारों को भी बदला जा रहा है। ताकि उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में किसी प्रकार समस्या न हो।

# अमेठी में पिता-पुत्र को तेज रफ्तार वाहन ने रौंदा

- बाइक से पिता को दवा दिलाने जा रहा था हॉस्पिटल, टक्कर मारकर भागा चालक

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में सुबह पिता के साथ दवा लेने जा रहे बाइक सवार युवक को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्र दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक गाड़ी लेकर मौके से भागने में कामयाब रहा। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज हादसा करने वाली गाड़ी की तलाश शुरू कर दी है। पूरा मामला कमरौली थाना क्षेत्र के लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित रोड नंबर 2 का है, जहां आज सुबह शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के अकबरपुर फर्शी गांव का रहने वाला युवक रंजीत अपने 58 वर्षीय पिता रामबरन यादव के साथ दवा लेने कमरौली थाना क्षेत्र के सूर्या हॉस्पिटल जा रहा था। रंजीत अभी रोड नंबर 2 के पास पहुंचा ही था कि पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित वाहन से दोनों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों के मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार होने में कामयाब रहा। घटना की सूचना मिलते ही कमरौली एसओ अभिनेष कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज आरोपी वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। पूरे मामले पर कमरौली अभिनेष कुमार ने कहा कि सुबह करीब 5:30 बजे हादसा हुआ था। हादसे में दवा लेने जा रहे पिता-पुत्र की मौत हुई है। दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसा करने वाली गाड़ी और चालक की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।

## संक्षेप

### चिप्स पैकेट से भरा ट्रक बिजली के पोल से टकराया

**लगी आग, लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया ; फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर पाया काबू**

मवाना, मेरठ के मवाना थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुबह के समय ट्रक बिजली के पोल से टकरा गया। जिससे ट्रक में आग लग गई। ट्रक में आग लगने की वजह से ट्रक में रखा माल आग पकड़ने लगा। वही स्थानीय लोगों के द्वारा कुछ माल तो बचा लिया गया बाकी पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। ट्रक में आग लगने के बाद ड्राइवर ने कूद कर अपनी जान बचाई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कस्बे के अंतर्गत फलावदा रोड पर ट्रक बिजली के पोल से टकरा गया। सुबह 9 बजे बीच सड़क पर ट्रक धू-धू कर जलने लगा। ट्रैक से आग की लपटे उठती हुई दिखाई दी। मौके से ड्राइवर कूदकर निकल गया। राहगीरों ने ट्रक में आग लगने की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। आग बुझाने में तकरीबन एक घंटा फायर कर्मचारी को मशक्कत करनी पड़ी। आग लगने वाले ट्रक में चिप्स पैकेट थे। ट्रक ड्राइवर निवासी अलीगढ़ ज्ञान सिंह ने बताया कि हाथरस से चिप्स के पैकेट मवाना मुबारिकपुर रोड पर स्थित शिवा ट्रेडर्स के मालिक तुषार के यहां ला रहा था थाना अध्यक्ष ने बताया की मिनी कंट्रोल रूम में सूचना मिली थी। मौके पर दमकल की गाड़ियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। ट्रक में चिप्स के पैकेट, इसलिए पैकेटो में आग लग गई थी। जिसकी वजह से आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। ट्रक खंभे में टकरा जाने के कारण शॉर्ट सर्किट हुआ।

# मुरारी इंटर कॉलेज सहजनवा में सार्वभौम अभ्युदय संगोष्ठी का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत मुरारी इंटर कॉलेज इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों में एक सार्वभौम अभ्युदय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें आनंद मार्ग के आचार्यों द्वारा जीवन में नैतिक मूल्यों का महत्व एवं किशोरावस्था में योगासन का औचित्य विषय पर प्रकाश डाला गया।आचार्य सत्याश्रयानंद अवधूत ने अपने वक्तव्य में बताया कि नैतिकता वह गुण है जो हमें सही और गलत के बीच भेद करने में मदद करता है, सही कार्यों को प्रोत्साहित करता है और अच्छे मानवीय गुणों को बढ़ावा देता है। यह हमें अपने कर्मों की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करता है ताकि हम समाज में उपयुक्त और न्यायसंगत ढंग से जी सकें।, वर्तमान में नैतिक मूल्यों का बहुत ह्रास हुआ है। जीवन के हर क्षेत्र हर स्तर में अनैतिकता ने अपना पांव फैला दिया है। उन्होंने बताया कि दिव्यता की प्राप्ति मानव जीवन का लक्ष्य है। नैतिकता आधार है योग साधना का अभ्यास दिव्यता प्राप्ति का साधन है। आचार्य जी ने बताया कि नैतिक मूल्यों की स्थापना के लिए योग साधना का अभ्यास आवश्यक है। आचार्य रागानुगानन्द अवधूत जी ने अपने व्याख्यान में बताया कि₹आसन₹ का अर्थ होता है ₹एक स्थिति जिसमें व्यक्ति को सहज महसूस होता है₹ - स्थिरसुखमासनम्।आसन वे व्यायाम हैं जिनका नियमित अभ्यास करने से शरीर स्वस्थ और मजबूत रहता है और कई बीमारियाँ ठीक हो जाती हैं। लेकिन आसनों को सामान्य रूप से बीमारियों के उपचार के लिए नहीं निर्धारित किया जाता; केवल वे बीमारियाँ जो ध्यान के मार्ग में बाधा उत्पन्न करती हैं, वे विशेष आसनों की मदद से ठीक हो सकती हैं, ताकि साधना को आसानी से किया जा सके। शारीरिक शरीर और मन के बीच का संबंध बहुत गहरा होता है। मानसिक अभिव्यक्ति वृत्तियों के माध्यम से होती है, और वृत्तियों की प्रधानता शरीर के विभिन्न ग्रंथियों पर निर्भर करती है। शरीर में कई ग्रंथि होती हैं और प्रत्येक से एक विशेष हार्मोन का निकास होता है। यदि हार्मोन के निकास में कोई कमी हो या किसी ग्रंथि में कोई कमी हो, तो कुछ वृत्तियाँ उत्तेजित हो जाती हैं। इस कारण, हम देखते हैं कि नैतिक नियम का पालन करने की सच्ची इच्छा होने के बावजूद, कई लोग ऐसा नहीं कर पाते; वे ध्यान करना चाहते हैं, लेकिन अपने मन को एकाग्र करने में सक्षम नहीं होते क्योंकि उनके मन इस या उस इच्छा के बाहरी उत्तेजना के कारण बाह्य दिशा में हो जाते हैं। यदि कोई व्यक्ति इन उत्तेजनाओं को नियंत्रित करना चाहता है, तो उसे ग्रंथियों की कमियों को सुधारना चाहिए। आसन साधक को इस कार्य में बड़ी मात्रा में सहायता करते हैं, इसलिए आसन साधना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। कॉलेज के प्राचार्य मेजर साकेत जी ने बताया कि आचार्य द्वारा जो आज व्याख्यान दिया गया है उसे जीवन में उतरना हम सबके लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया की संभावना तो बहुत है प्रयास की जरूरत है। इस अवसर पर भगवंत पांडे पीजी कॉलेज कुशीनगर के प्राचार्य डॉक्टर धनीराम मौर्य भी उपस्थित थे।

# आईटीएम गीडा में एक्सपर्ट टॉक शो का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार




सहजनवा, गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, गीडा गोरखपुर मे इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए एक एक्सपर्ट टॉक शो का आयोजन किया गया` कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इसरो मे वैज्ञानिक प्रो मोहम्मद हसन ने संस्थान के डॉ ए पी जे अब्दुल कलम सभागार मे उपस्थित छात्रों को सम्बोधित करते होते कहा कि आप हमेसा अपना ध्यान अपने लक्ष्य पर रखे और यदि आपको ये पता होगा कि आप कहा और क्यों जा रहे हो तो ये यह खुद के लिए बड़ा प्रेरणा होगा ` क्यूंकि हमें जब तक उद्देश्य का पता नही होगा तो कभी भी लक्ष्य प्राप्त नही कर सकते। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम के अंत मे सभी छात्रों के द्वारा पूछे गये प्रश्नों का भी जबाब दिया। कार्यक्रम के अंत मे संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह ने कहा कि संस्थान के छात्रों को आधुनिक तकनीकी और अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र मे हो रहे बदलाव और अवसर के बारे जानकारी दी ।इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल, संकायाध्यक्ष डॉ आर पी सिंह, डॉ मनोज कुमार मिश्रा, आशुतोष राव, अजय गुप्ता, क्षितिज राय, मनीष झा, ज्योति पाण्डेय, स्वीटी राय सहित संस्थान के सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं मजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। डॉ0 गौरव ग्रोवर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक उत्तरी जनपद गोरखपुर व कमलेश कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज गोरखपुर के कुशल पर्यवेक्षण व निर्देशन में थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर के नेतृत्व में उ0नि0 धर्मवीर सिंह मय फोर्स द्वारा मु0अ0सं0 225/ 2024 धारा 376 भाद0सं0 थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अमित साहनी पुत्र बबलु उर्फ बाबूलाल साहनी निवासी तेनुआ विशम्भरपुर टोला सूर्यपुरवा थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर को आज महुआतार तिराहा से गिरफ्तार किया गया।

# अलग अलग विवाद में आठ नामजद और अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के तेनुहारी निवासी धनश्याम शुक्ल पुत्र शत्रुघ्न शुक्ल गांव के कोटेदार है। रविवार को गांव के पुरुषोत्तम शुक्ल राशन लेने आए थे। अंगूठा लगाने के बाद राशन दे रहा था। तो दूसरे जानते से तौल कर राशन डिनेकी बात करने लगे। जिसका विरोध किया तो चार की संख्या में आरोपी जुटे और मार पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पुरुषोत्तम शुक्ल, श्रीराम शुक्ल, सुजीत उर्फ भरत, शिवम शुक्ल के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। गीडा थाना क्षेत्र के हरैया निवासी मेहदी हसन पुत्र इकबाल जिनका नौसढ में दुकान है ।शनिवार साढ़े सात बजे भाई मकसूद अहमद दुकान बंद कर घर आ रहे थे। करीब एक दर्जन की संख्या में मनबढ घेर कर रॉड और बेल्ट से पीटकर घायल कर दिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर राहुल निषाद, संतोष, सूरज, विशाल, 5 से 6 की संख्या में अज्ञात के खिलाफ बलवा, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# घर में घुसकर मारपीट चार पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के पनिका निवासी रमेश कन्नौजिया पुत्र रामचंद्र कन्नौजिया रविवार को सुबह साढ़े सात बजे घरेलू सामान लेने घघसरा गया था। घर के बच्चे दिवाल पर दातुन कर रहे थे। जिसे देखकर पड़ोस का एक का व्यक्ति गाली गलौज करते हुए भगाने लगा। बच्चो न विरोध किया तो आरोपी घर में घुस आए और परिजनों को ईट और बांस से मारकर बेटी और पत्नी को घायल कर दिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर संजय, राजन, संजय का भांजा के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# दो नामजद तथा चार अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास, लूट का केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के एकला निवासी एक व्यक्ति द्वारा उधार का दिया गया रुपया मांगने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। तथा उसका मोबाइल छीन लिया, तथा बाइक तोड़ डाला। पुलिस ने दो नामजद, चार अज्ञात के खिलाफ बलवा, लूट, हत्या के प्रयास, मारपीट, तोड़फोड़ का केस दर्ज कर लिया है। आरती देवी पत्नी बाबूलाल निवासी एकला का बेटा नौसढ बगिया टोला निवासी अरविंद यादव को उधार में 15 हजार रुपया दिया था। 7 अप्रैल को जब उसने जब मांगा तो आरोपी उसे मारा पीटा। उसी दिन बृम्हभोज सामान खरीदने के लिए उनवल निवासी बहन से 20 हजार रुपया लेकर घर आ रहा था। पेट्रोल पंप के पास दोनो नामजद आरोपी अपने चार अज्ञात साथियों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। बाइक तोड़ दिया, तथा मोबाइल छीन लिया। मरा समझ कर झाड़ी में फेंककर फरार हो गए। पुलिस ने अर्जुन यादव, अनिल यादव चार अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास, लूट, बलवा, मारपीट, तोड़फोड़, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

### मड़ियाहूं में गेहूं के खेतों में लगी आग

**4 बीघा फसल जलकर राख, ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड की मदद से पाया काबू, पीड़ित ने की मुआवजे की मांग**

जौनपुर, जौनपुर के मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र के उमरम गांव में गेहूं के खेत में अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। देखते ही देखते आग ने पूरे गेहूं की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। वहीं, ग्रामीणों ने मामले की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर पहुंचे फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाया। इस आग से 4 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र के उमरम गांव में गेहूं के खेत में अचानक आग लग जाने के कारण से लगभग 4 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। मौके पर गांव के ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची, लेकिन रास्ता न होने के कारण से आग की लपेटें बढ़ती चली गई और दमकल की गाड़ियां मौके पर नहीं पहुंच पाई। जिससे 4 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरीके से जलकर राख हो गई। घटना की सूचना पर पहुंचे लेखपाल सचिंद्र सिंह यादव ने बताया कि घटनास्थल का जायजा किया गया है। पीड़ित से बातचीत की गई है।

# सोनभद्र में ग्रामीणों ने धर दबोचा मवेशियों से भरा पिकप

**कुल 11 मवेशी हुए बरामद, गाड़ी कब्जे में लेकर जांच में जुटी पुलिस**

अमन लेखनी समाचार



ओबरा, सोनभद्र में चोपन थाना के कोटा खास में मवेशियों से भरी वाहन को धर दबोचा गया। मवेशियों से भरे वाहन को पुलिस द्वारा नहीं बल्कि ग्रामीणों द्वारा धर दबोचा गया। वहीं, स्थानीय लोगों ने चोपन थाना को इस बात की तत्काल सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच पिकप को कब्जे लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुटी गई। मामले में पिकप वाहन में कुल 11 मवेशी लादे गए थे। जिनमें 2 भैंसा और 9 भैंस पाई गईं। इंसानियत की हदें पार कर क्रूरता से जानवरों का पैर बांध कर गाड़ी में ठूस कर भरा गया था। मिली जानकारी के अनुसार मवेशी को वाहन द्वारा बभनी जा रही एक वाहन को टक्कर मारने का प्रयास किया गया। जिसके बाद उन लोगों ने पिकप को पिछा कर लिया। पिकप मूर्धवा के जंगल में खड़ा कर चालक भाग निकला। हालांकि की पिपरी पुलिस को सूचना देने के घंटों बाद भी पुलिस नहीं पहुंच सकी और चालक वहां से गाड़ी लेकर भागने में कामयाब हो गया। पिकप भागते समय चोपन थाना अंतर्गत तेलगुड़वा से कोन थाना के तरफ भागने लगी। जिसे सूचना पाकर ग्रामीणों ने घेरा बंदी कर कोटा बाजार में सड़क जाम कर गाड़ी को धर दबोचा।

मिली जानकारी के अनुसार प्रतिदिन जानवरों से भरा पिकप इस रास्ते आया-जाया करती है।

# जालौन में गेहूं के खेत में लगी भीषण आग

**आग से कई बीघा फसल जलकर राख, किसानों की मदद से फायर ब्रिगेड ने पाया काबू**

अमन लेखनी समाचार



जालौन, जालौन के कालपी इलाके में देर रात गेहूं के एक खेत में अचानक आग लग गई, जिससे खेत में खड़ी गेहूं की फसल धू-धूकर जल उठी। रात के वक्त आग की लपटें देख आसपास काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे, जिन्होंने तेजी से बढ़ती आग को बुझाने की भरसक कोशिश की, पर तेज हवाओं के कारण आग की बढ़ती लपटों को देख किसानों ने तत्काल दमकल कर्मियों को सूचना दी। जानकारी मिलते ही रात के वक्त दमकल की दो गाड़ियां फायर ब्रिगेड कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे, जिन्होंने किसानों के साथ मिलकर कड़ी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया, पर तब तक खेत में पक चुकी गेंहूं की कई बीघा की फसल जलकर राख हो चुकी थी। आज इस आग का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। आग की घटना कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मसगायां की बताई जा रही है। बताया गया है कि ग्राम मसगायां में रात्रि के वक्त गेहूं के खेत में अचानक आग लग गई थी। यह आग धीरे-धीरे हवा की तेजी के साथ बढ़ने लगी।

इस आग को रात के वक्त आसपास के खेतों में अपनी फसल की कटाई व थ्रेसिंग करने वाले किसानों ने देखा तो वह मौके पर पहुंचे, जिन्होंने धू-धूकर जल रही गेहूं की फसल को बचाने की भरसक कोशिश की। तेजी से बढ़ती आग को देख तत्काल दमकल कर्मियों को इस आग के बारे में अवगत कराया। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और उन्होंने कड़ी मशक्कत करने के बाद किसानों के साथ मिलकर आग पर काबू पाया पर तब तक फसल पूरी तरह से जलकर खाक हो चुकी थी। वहीं, आग की लपटों का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इस मामले में कालपी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद का कहना है कि दो दिन पहले आग मसगायां में एक किसान के गेंहूं के खेत में आग लगी थी आज इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

**सुसाइड** — **सर्विस रिवॉल्वर से कनपटी पर मारी गोली; लिखा-एसएचओ हर जांच के रुपए मांगते हैं**

# सीतापुर में दरोगा ने थाने में सुसाइड किया

अमन लेखनी समाचार



सीतापुर, सीतापुर में थाने के अंदर एक दरोगा ने खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। दरोगा ने अपने थानाध्यक्ष (एसएचओ) पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। वारदात शुक्रवार सुबह 10.30 बजे मछरेहटा थाने की है। दरोगा का नाम मनोज कुमार (54) है। वह कुछ देर पहले ही घर से थाने पहुंचे थे। उसी दौरान किसी का फोन आ गया। बातचीत के दौरान उनकी फोन पर ही बहस हुई। इसके बाद उन्होंने अपनी सर्विस रिवॉल्वर निकाली। फिर कनपटी पर रखकर गोली मार ली। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के पुलिसकर्मी दौड़कर पहुंचे। उनको तुरंत अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, दरोगा का एक सुसाइड नोट भी मिला है। सीओ मिश्रिख राजेश यादव ने बताया कि दरोगा का जो सुसाइड नोट मिला है, उसकी जांच कराई जा रही है। सुसाइड नोट में वर्कलोड का जिक्र किया गया है। एसएचओ पर लगाए गए आरोपों की भी जांच कराई जा रही है। उधर, दरोगा के सुसाइड की खबर मिलते ही एसपी चक्रेश मिश्रा भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि मनोज फतेहपुर जिले के रहने वाले थे। 5 महीने पहले ही उनकी मछरेहटा थाने में पोस्टिंग हुई थी। एसपी ने थानाध्यक्ष सहित 5 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर करने का प्रस्ताव भी चुनाव आयोग को भेजा है। इनमें प्रभारी निरीक्षक राजबहादुर, मुख्य आरक्षी रंजीत कुमार यादव, मुख्य आरक्षी अबू हादी, आरक्षी सुनील कुमार, आरक्षी शाने आलम शामिल हैं। थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों ने बताया कि दरोगा मनोज कुमार शुक्रवार सुबह थाने पर पहुंचे। वह फोन पर किसी से बात कर रहे थे। अचानक उनकी बहस होने लगी। इसके बाद उन्होंने सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। आशंका है कि वह परिवार से बात कर रहे थे। लेकिन, यह अभी साफ नहीं है। पोस्टमॉर्टम के बाद मनोज का शव देर रात सीतापुर पहुंचे के घरवालों के हवाले कर दिया गया। सोशल मीडिया से दरोगा मनोज कुमार का एक लेटर बरामद हुआ है। इसमें उन्होंने मछरेहटा थाने के एसएचओ राज बहादुर सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। लेटर में लिखा- सत्यता/ कार्रवाई हेतु, श्रीमान जी आप सभी जनमानस को हम जानकारी देते हैं कि जो भी कर्मी निष्ठावान तरीके से जितना भी काम कर्म और ड्यूटी करे, अगर वह अपने अधिकारियों को हर महीने चढ़ावा न चढ़ाए तो सब बेकार है। कार्यालय के लोगों को समझना पड़ता है। थाना मछरेहटा में जब से एसएचओ राजबहादुर सिंह आए हैं, सभी कर्मचारी परेशान हैं। वह सभी विवेचनाओं में रुपए की मांग करते हैं। मांग पूरी नहीं होने पर अभद्र टिप्पणी और अपमानित करते हैं। आगे भी उन्होंने कुछ अन्य लोगों के नाम लिखे हैं। उन्होंने लेटर में एक लापता किशोरी के बरामद नहीं होने का भी जिक्र किया है। लिखा है कि इस केस में हमारी अकेले ड्यूटी लगाई गई। मैं अकेले ही काम करता रहा। किसी ने मेरा सहयोग नहीं किया। मनोज कुमार फतेहपुर के कल्याणपुर क्षेत्र के जलाला गांव के रहने वाले थे। वह 1990 में पुलिस विभाग में कॉन्स्टेबल के पद पर भर्ती हुए थे। 2023 में प्रमोशन पाकर वह दरोगा बन गए थे।

# बुलंदशहर में चेकिंग के दौरान बरामद हुए 15.50 लाख

**स्याना पुलिस में स्टेटिक टीम ने की कार्रवाई, बुलंदशहर बस स्टैंड पर चेकिंग के दौरान बरामद हुए रुपए**

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, बुलंदशहर की स्याना कोतवाली पुलिस ने देर शाम चेकिंग के दौरान एक कर से 15 लाख 50 हजार बरामद किए। कोतवाली प्रभारी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जप्त किए गए रुपए कोषागार में भिजवा दिए गए है। चुनाव आयोग के निदेर्शों पर क्षेत्र से गुजरने वाले वाहनों की जांच की जा रही है। गुजरने वाली गाड़ियों की स्टेटिक टीम व कोतवाली पुलिस चेकिंग कर रही है। शुक्रवार की देर शाम स्टेटिक टीम प्रभारी अशोक कुमार के नेतृत्व में नगर के बुलंदशहर बस स्टैंड पर वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक कर से 15.50 लख रुपए बना मत हुए। पूछताछ में कर सवार ने अपना नाम शांति स्वरूप भटनागर बताया। सीओ भास्कर कुमार मिश्रा ने बताया कि मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए धनराशि प्रयोग किए जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। उच्च अधिकारियों को मामले से अवगत करा दिया गया है। पकड़ी गई रकम को कोषाकर में भिजवा दिया गया है। स्टेटिक टीम के साथ कोतवाली पुलिस वाहन चेकिंग कर रही है। विभिन्न स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

## हैंड पंप खराब होने के कारण पेयजल की किल्लत

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर ।विकास खंड क्षेत्र के मिश्री पुर ग्राम पंचायत के मजरा सिमरा के टाक चंद्र के डेरा निवासी ग्रामीणों को हैंड पंप खराब होने के कारण पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के टांकी डेरा सिमरा में एक मात्र हैंडपंप ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लगा हुआ है ।गांव निवासी अजय कुमार ने बताया कि हैंड पंप खराब होने के कारण ग्रामीणों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि हैंडपंप खराब होने के कारण लोग परेशान रहते हैं। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी को इसकी सूचना दी गई है। लेकिन अभी तक इसको ठीक नहीं कराया गया है। ग्रामीणों ने हैंड पंप ठीक कराए जाने की मांग की है।

## कविता



स्क्रॉल करती लड़कियाँ
सुनो लड़कियों !
स्क्रीन पर स्क्रॉल करते कभी अंगूठा थक जाए,
तो उठाना कभी कुछ किताबें,
जो दस्तावेज हों तुम्हारे खयाल का।
हिन्दू कोड बिल में ढूंढना जवाब,
खुद के हर एक सवाल का।
और कभी हिसाब करना संविधान निमार्ताओं से,
उनके हर एक आर्टिकल को निचोड़ देना,
जैसे मैक-डी में 'केचअप' का पैकेट हो।
फिर उठाना कुछ पन्ने और एक स्याही की डंडी,
लिख देना अपने दिल के जज्बात उन पन्नों पर
कुछ बेवजह भी लिखना कि कह सको कुछ,
जो अक्सर तुम्हे बोलने नही दिया जाता।
क्यूंकि भारत को फिर चाहिए कुछ स्त्रियां,
झलकारी, सावित्रीबाई, महादेवी जैसी,
जिनका ताल्लुक था समाज के ट्रेंड्स से
क्यूंकि इंस्टा ट्रेंड्स से ड्रेस बदलेगा, देश नहीं।
- अमन कुशीनगरी

# 80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पार : योगी आदित्यनाथ

- सीएम योगी ने बीजेपी के संकल्प पत्र को लेकर पार्टी कार्यालय में की पत्रकार वार्ता
- गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी हैं भाजपा के संकल्प पत्र के चार आधार : सीएम
- भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध की उद्घोषण है हमारा संकल्प पत्र : योगी आदित्यनाथ
- देश की अस्मिता, सुरक्षा, आस्था और अर्थव्यवस्था को लेकर मोदी की गारंटी संकल्प पत्र का आधार : योगी आदित्यनाथ
- नये भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकासित भारत का ब्लू प्रिंट है संकल्प पत्र : योगी

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि देश का गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति ही भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र के चार आधार हैं। उन्होंने कहा ये संकल्प पत्र मोदी की गारंटी है, जिसमें हमने विकसित भारत बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध की भी उद्घोषणा की है। उन्होंने यूपी में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नया नारा देते हुए कहा कि "80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार।" सीएम योगी पार्टी कार्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे।



### देश को मोदी की गारंटी पर विश्वास

मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान शिल्पी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से अपना संकल्प पत्र जारी किया है। इसकी पहली चार प्रतियां देश के चार सामाजिक स्तंभों का प्रतिनिधित्व करने वाली हैं। ये हैं गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी (ऋअठ)। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल मात्र नहीं है, बल्कि यह भारत के विजन को मिशन मानकर प्रभावी ढंग से लागू करने के 140 करोड़ जनता की आकांक्षा बन चुकी है। आज देश का जो भी एंबीशन है वह पीएम मोदी का विजन बन चुका है और हमारे लिए वही मिशन है। इस देश को मोदी की गारंटी पर विश्वास है।

### मोदी की गारंटी इस संकल्प पत्र का आधार

सीएम योगी ने कहा कि संकल्प पत्र में मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, आवास योजना सहित तमाम गरीब कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने और और उनके दायरे को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। संकल्प पत्र में नेशन फर्स्ट के भाव के साथ विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया गया है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत काल का ये पहला चुनाव है, जिसमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को लेकर चुनाव लड़ा जा रहा है। देश की अस्मिता, सुरक्षा, आस्था और अर्थव्यवस्था को लेकर मोदी की गारंटी इस संकल्प पत्र का आधार बना है।

### विकासित भारत का ब्लू प्रिंट है संकल्प पत्र

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारा संकल्प पत्र नये भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकासित भारत का ब्लू प्रिंट है। ये भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध का की उद्घोषणा के साथ ही अन्त्योदय से सर्वोदय और ग्लोबल लीडर भारत के संकल्प को भी दोहराता है। ये संकल्प पत्र जिन-जिन सेक्टर्स का प्रतिनिधित्व करता है वो मोदी की गारंटी पर आधारित हैं। ये पहला आम चुनाव है जिसके प्रमाण के बारे में आश्वस्ती का भाव पूरे देश में मिल रहा है। लोगों को मोदी जी की गारंटी पर विश्वास है। विकसित भारत की आकांक्षाओं का आधार ये संकल्प पत्र बनेगा।

### महत्वपूर्ण संकल्पों पर सीएम ने दोहराई प्रतिबद्धता

मुख्यमंत्री ने बताया कि संकल्प पत्र में समान नागरिक संहिता लागू करने, नेशनल लिटिगेशन पॉलिसी को लागू करने, कॉमर्शियल और सिविल न्यायिक प्रणालियों में बदलाव, वन नेशन वन इलेक्शन, पीएम सूर्य हर घर मुफ्त बिजली योजना, घरों के पंजीकरण की कीमत को कम करने, तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने, पीएम मुद्रा योजना की क्रैकिंग सीमा को दोगुना करने, एमएसपी में वृद्धि और पीएम मत्स्य योजना के विस्तार के लिए पार्टी के संकल्प को दोहराया गया है। इसके साथ ही सिंचाई, कोल्ड स्टोरेज और कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर के मिशन को देश में लागू करने, स्वस्थ भारत के संकल्प के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों और ट्रांसजेंडर्स को आयुष्मान भारत से जोड़ने, पैरामेडिक्स के प्रशिक्षण, हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, एमएसएमई के लिए किफायती बीमा प्रोडक्ट, आग, चोरी, प्राकृतिक आपदा से बचाने के लिए बीमा, भारत को ट्वाय हब बनाने, 2025 में भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाने, 2030 तक देश को इलेक्ट्रॉनिक हब बनाने, बुटेल ट्रेन का विस्तार पूरे देश में करने, 5जी के विस्तार के साथ ही 6जी टेक्नोलॉजी विकसित करने का संकल्प भी यहां दोहराया। इसके अलावा ग्लोबल कॉन्फ्रेंस और एग्जिबिशन के लिए बड़े कन्वेंशन सेंटर के दायरे को बढ़ाने, पुलिस मॉर्डनाइजेशन, टेक सेवी सुरक्षा बल, नये आईआईटी, नये एम्स, वन नेशन वन स्टूडेंट, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, टेक्नोलॉजी के जरिए सुलभ शिक्षा के प्रति मुख्यमंत्री ने वचनबद्धता को दोहराया।

## सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो सगे भाइयों की हुई मौत



**अज्ञात वाहन टक्कर मारकर हुआ फरार चिकित्सकों ने दोनों सगे भाइयों को मृत घोषित किया परिजनों में हड़कंप**

अमन लेखनी समाचार/समरजीत सोनकर

अमौली फतेहपुर, चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदपुर कस्बा निवासी 45 वर्षीय देवेंद्र सिंह 33 वर्षीय धर्मेंद्र सिंह पुत्र गण शिव औतार सिंह देर शाम मोटरसाइकिल पर अपने गांव चांदपुर जा रहे थे कि तभी गांव से कुछ दूर पहले स्थित गैस एजेंसी के पास अज्ञात वाहन से भीषण टक्कर हो गई घटना की जानकारी होते ही परिजन एवं ग्रामीण आनन-फानन दोनों भाइयों को अमौली कस्बे में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर गये जहां पर चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत दोनों ही युवकों को मृत घोषित कर दिया घटना की जानकारी होते ही थाना इंचार्ज बी एल प्रसाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये खबर लिखे जाने तक मृतकों के परिजनों ने पुलिस प्रशासन को तहरीर नहीं दी। मृतकों के पिता शिव औतार सिंह एवं परिजन दोनों ही मृतकों के शवों को लेकर अपने घर चले गए।

## भारत का संकल्प मोदी की गारंटी 2024 पर हुई प्रेस वार्ता

**भाजपा जिला कार्यालय में संकल्प पत्र के विषय पर हुई प्रेस वार्ता**

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित

हमीरपुर ।आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय हमीरपुर में भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र के विषय में जिला अध्यक्ष सुनील पाठक की उपस्थिति में पत्रकारों के साथ प्रेस वार्ता की गई इस प्रेस वार्ता में मुख्य अतिथि लोकसभा प्रभारी संजय द्विवेदी विशिष्ट अतिथि सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति उपस्थित रहे मोदी की गारंटी 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा का संकल्प पत्र के बारे में लोकसभा प्रभारी संजय द्विवेदी ने पत्रकारों को बताया कि भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र 76 पन्नों का है घोषणा पत्र समिति को करीब 15 लाख सुझाव मिले हैं इसमें नमो ऐप से चार लाख और वीडियो से 10 लाख सुझाव मिले संकल्प पत्र को 24 समूह में बांटा है 10 सोशल ग्रुप में गरीब युवा मध्यम वर्ग मछुआरे वंचित वर्ग सीनियर सिटीजन पिछड़े एवं कमजोर वर्ग



शामिल है वहीं गवर्नेंस को 14 सेक्टर में बांटा गया है इसमें भारत के अन्य देशों से संबंध आंतरिक एवं बाहरी सुरक्षा समृद्ध भारत ईज ऑफ लिविंग विरासत का विकास गुड गवर्नेंस सुशासन स्वस्थ भारत शिक्षा खेल सभी सेक्टर का विकास इनोवेशन और टेक्नोलॉजी और पर्यावरण को रखा है संकल्प पत्र का सार और विशेषताएं भी बताई घोषणा पत्र में किस वर्ग के लिए क्या है जैसे युवाओं के लिए, किसानों के लिए, महिलाओं के लिए ,रेलवे के लिए ,संस्कृत के लिए, भ्रष्टाचार के खिलाफ, ठोस कदम समान, नागरिक संहिता इत्यादि के बारे में पत्रकारों को घोषणा पत्र पढ़कर सुनाया इस प्रेस वार्ता में जिला उपाध्यक्ष किशन व्यास जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव एवं स्थानीय पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## विवाहिता ने 6 माह की मासूम के साथ खुद को किया आग के हवाले, दोनो की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

मुस्करा, हमीरपुर। क्षेत्र के पहाड़ी डेरा निवासी एक नव विवाहिता ने गृह कलह के चलते अपनी 6 माह की पुत्री के साथ आग लगाकर आत्महत्या कर ली परिवार वाले जानकारी होते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्करा ले गए जहां मौजूद चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना मुस्करा के गौरा गांव के पास पहाड़ी डेरा निवासी उत्तम सिंह की पत्नी किरन(28) ने सोमवार को सुबह 8:00 बजे किसी बात से आहत हो बच्ची आराध्या (6 माह) को गोद में लेकर आग लगा ली जानकारी होते ही परिजन गंभीर अवस्था मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्करा ले गए जहां मौजूद चिकित्सक ने मां औ? बच्ची का प्राथमिक इलाज करने के उपरांत 80% झुलसे होने के चलते मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। म्रत्यु उपरांत उरई मेडिकल कॉलेज में ही पोस्टमार्टम की प्रतिक्रिया संपन्न हुई है। घटना की सूचना पर मृतका की मां सुखवाती भी परिवार वालों के साथ मौके पर पहुंच गई मां सुखवाती ने बताया कि मायके से अभी 2 दिन पहले ही आई है क्योंकि सोमवार को ही नातिन का मुंडन बेघाएं बल्लाएं के देवी मंदिर में करने जाना था लेकिन विधाता को कुछ और ही दिखाना था उत्तम की शादी 4 वर्ष पूर्व जिला महोबा गौहरारी गांव निवासी भगवान सिंह राजपूत की पुत्री किरन के साथ हुई थी। हालांकि इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है ।वही घटना की सूचना पर पुलिस फोर्स भी मौके पर पहुँच गयी हैं। परिवार वाले मृतकों के शव के आने का इंतजार कर रहे हैं इस मामले में पुलिस इंस्पेक्टर शशि पांडे ने बताया कि फिलहाल उनके पास तहरीर प्राप्त नहीं हुई है तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार

- मंत्री ए.के. शर्मा ने प्रेसवार्ता में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दिया नया नारा
- भाजपा का संकल्प पत्र नये भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत का ब्लू प्रिंट
- भाजपा के संकल्प पत्र के चार आधार – गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति
- नेशन फर्स्ट के भाव के साथ विकसित और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प : ए.के. शर्मा

अमन लेखनी समाचार

मऊ। उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री ए.के. शर्मा ने प्रेसवार्ता की तथा लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नया नारा देते हुए कहा कि 80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार। भाजपा के मऊ जिला कार्यालय में सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश का गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति ही भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र के चार आधार हैं। उन्होंने कहा कि यह संकल्प पत्र मोदी की गारंटी है, जिसमें हमने विकसित भारत बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध की भी उद्घोषणा की है।

कैबिनेट मंत्री ने आगे कहा कि संविधान शिल्पी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से अपना संकल्प पत्र जारी किया है। इसकी पहली चार पंक्तियां देश के चार सामाजिक स्तंभों का प्रतिनिधित्व करने वाली हैं। ये हैं गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल मात्र नहीं है, बल्कि यह भारत के विजन को मिशन मानकर इसे प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए 140 करोड़ जनता की आकांक्षा बन चुकी है। आज देश का जो भी एंबीशन



है वह पीएम मोदी का विजन बन चुका है और हमारे लिए वही मिशन है। इस देश को मोदी की गारंटी पर विश्वास है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि संकल्प पत्र में मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, आवास योजना सहित तमाम गरीब कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने और और उनके दायरे को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। संकल्प पत्र में नेशन फर्स्ट के भाव के साथ विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया गया है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत काल का ये पहला चुनाव है, जिसमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को लेकर चुनाव लड़ा जा रहा है। देश की अस्मिता, सुरक्षा, आस्था और अर्थव्यवस्था को लेकर मोदी की गारंटी इस संकल्प पत्र का आधार बना है। कहा कि हमारा संकल्प पत्र नये भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत का ब्लू प्रिंट है। ये भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध का की उद्घोषणा के साथ ही अन्त्योदय से सर्वोदय और ग्लोबल लीडर भारत के संकल्प को भी दोहराता है। ये संकल्प पत्र जिन-जिन सेक्टर्स का प्रतिनिधित्व करता है वो मोदी की गारंटी पर आधारित हैं। ये पहला आम चुनाव है जिसके प्रमाण के बारे में आश्वस्त का भाव पूरे देश में मिल रहा है। लोगों को मोदी जी की गारंटी पर विश्वास है। विकसित भारत की आकांक्षाओं का आधार ये संकल्प पत्र बनेगा। मोदी जी ने आश्वस्त किया है कि भारत को आगे विश्व की 03 अर्थव्यवस्था बनायेगें। शर्मा ने बताया कि संकल्प पत्र में समान नागरिक संहिता लागू करने, नेशनल लिटिगेशन पॉलिसी को लागू करने, कॉमर्शियल और सिविल न्यायिक प्रणालियों में बदलाव, वन नेशन वन इलेक्शन, पीएम सूर्य हर घर मुफ्त बिजली योजना, घरों के पंजीकरण की कीमत को कम करने, तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने, पीएम मुद्रा योजना की क्रैकिंग सीमा को दोगुना करने, एमएसपी में वृद्धि और पीएम मत्स्य योजना के विस्तार के लिए पार्टी के संकल्प को दोहराया गया है। इसके अलावा ग्लोबल कॉन्फ्रेंस और एग्जिविशन के लिए बड़े कन्वेंशन सेंटर के दायरे को बढ़ाने, पुलिस मॉर्डनाइजेशन, टेक सेवी सुरक्षा बल, नये आईआईटी, नये एम्स, वन नेशन वन स्टूडेंट कार्ड, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, टेक्नोलॉजी के जरिए सुलभ शिक्षा के प्रति मंत्री ने सरकार की वचनबद्धता को दोहराया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नूपुर अग्रवाल, प्रभारी देवेंद्र सिंह, मनोज राय, अशोक सिंह, मीडिया प्रभारी कृष्णकांत राय, संजय पांडे सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

आजमगढ़ः जिले के अतरौलिया थाना क्षेत्र के बूढ़नपुर कस्बा निवासी नगरपालिका गाजीपुर के ईओ ने रविवार की रात घर में ही फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। देर रात परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बूढ़नपुर कस्बा निवासी आलोक कुमार सिंह (43) पुत्र कृपाशंकर सिंह नगरपालिका गाजीपुर में अधिशासी अधिकारी के पद पर तैनात थे। वह कुछ महीनों से उपार्जित अवकाश पर चल रहे थे। ऐसे में वे अपने गांव आए हुए थे। एक साल पूर्व आलोक कुमार की पत्नी का निधन हो गया था। उसके बाद से ही वे डिप्रेशन में चल रहे थे। रविवार को आलोक कुमार घर पर अकेले थे और इसी दौरान उन्होंने घर में ही फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। देर रात पट्टीदारों व पड़ोसियों को इसकी जानकारी हुई तो सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर अतरौलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक दो पुत्रियों के पिता थे। दोनों पुत्रियां बाहर रहकर पढ़ाई कर रही हैं। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। घटना की खबर लगते ही पूर्व चेयरमैन विनोद अग्रवाल, भाजपा के नगर महामंत्री अजय कुशवाहा, जेई विवेक बिंद, एकाउंटेंट सत्यम राय ईओ आलोक राय के पैतृक आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। नगरपालिका चेयरमैन के प्रतिनिधि विनोद अग्रवाल ने बताया कि अधिशासी अधिकारी आलोक सिंह कुछ महीनों से उपार्जित अवकाश पर चल रहे थे। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

## सपा प्रत्याशी के लिए ब्लाक क्षेत्र के बूथ स्तर की हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार / शिवम सिंह

कुरारा, हमीरपुर कस्बा कुरारा के भगत तालाब के पास स्थित एक गेस्ट हाउस में हमीरपुर महोबा तिंदवारी लोकसभा चुनाव क्षेत्र के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अजेंद राजपूत के समर्थन के लिए ब्लाक क्षेत्र के बूथ स्तर की बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष इदरीश खान ने की।



बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अजेंद राजपूत ने बताया कि सभी कार्य कर्ता समाज वादी पार्टी व कांग्रेस पार्टी की नीतियों को वअन्य सहयोगी दलों की नीतियों को गांव गांव में जाकर जनता को अवगत कराये ।जनता बदलाव चाहती है सभी कार्यकर्ता चुनाव में समर्पण भाव से प्रयास करें तो जीत हासिल होगी। बैठक में मौजूद पूर्व जिला अध्यक्ष सपा ज्ञान सिंह यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पूर्व चेयरमैन माया बाल्मीकि, पूर्व चेयरमैन हमीरपुर मुन्नी लाल निषाद, जिला अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी हिमाशू सैनी, ब्लाक अध्यक्ष कुरारा रामप्रसाद कुशवाहा, पूर्व प्रत्याशी विधान सभा रामप्रकाश प्रजापति, शिवशरण यादव, अरुण यादव, सुरेंद्र यादव, आदि ने संबोधित किया तथा प्रत्याशी को निष्ठा के साथ सहयोग करने को कहा। इस अवसर पर नंद किशोर शिवहरे, मुस्ताक अहमद पूर्व प्रधान लहरा, मेयाराम श्रीवास, शिवशंकर यादव, जिला अध्यक्ष नीलम यादव, सोनिया सोनी, माया यादव, वर्षा नामदेव, अनार सिंह यादव, घनश्याम साहू, आदि मौजूद रहे।

## मैनपुरी सपा की आखिरी कील है, इसे उखाड़कर कमल खिलाइये : उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मैनपुरी में आयोजित भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह की नामांकन सभा में जनसंवाद करते हुए कहा कि मैनपुरी सपा की आखिरी कील है, इसे उखाड़कर कमल खिलाइये। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने विरासत में मिली सियासत से मुख्यमंत्री बनकर प्रदेश को गुंडे, अपराधियों तथा माफियाओं की आरामगाह बना दिया था। पूरी यूपी में एक ही नारा लगता था जिस गाड़ी में सपा का झंडा, उस गाड़ी में बैठा गुंडा। मौर्य ने कहा कि सपा की सदस्यता गुंडागर्दी का सर्टिफिकेट है।



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अखिलेश यादव ने विधानसभा में मेरे स्वर्गीय पिता के लिए अपशब्द कहे, जबकि मै उनके पिता को श्रद्धांजलि अर्पित करने सैफई गया। यह भाजपा तथा सपा के बीच संस्कारों का अंतर है। उन्होंने कहा कि सपा, दंगाई, गुंडों, अपराधियों, माफियाओं को पैदा करने की फैक्ट्री है। यह चुनाव सपा की गुंडई विचाराधारा के अन्त का चुनाव है। हमने प्रदेश की जनता से वादा किया था कि अमन चैन का शासन होगा-जेल के अंदर माफिया होंगे, इतना सख्त प्रशासन होगा। हमने जो वादा किया था उसे पूरा करके दिखाया है। उन्होंने जनता से प्रश्न करते हुए कहा बताइये जबसे सपा की सरकार गई है तब से क्या मैनपुरी में गुंडई हुई है, क्या किसी मकान, दुकान, प्लॉट पर कब्जे हुए है।

मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व मे बिना भेदभाव के सभी को घर, नल से जल, सबको चिकित्सा, सबको सुरक्षा की गारंटी मिली है। भाजपा में कोई भी कार्यकर्ता मुख्यमंत्री बन सकता है और चाय वाला प्रधानमंत्री बन सकता है। परिवारवाद को समाप्त करिये तथा सबका साथ-सबका विकास की नीति के साथ भाजपा को विजय बनाइये। मैनपुरी ही नही मोदी जी के नेतृत्व में एवं जनआशीर्वाद से भाजपा प्रदेश की सभी 80 सीटों पर विजय प्राप्त करेगी।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. – 9838159555, 9935457982
E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## शादी के तीन महीने बाद तलाक लेंगे 'गोल्डन बैचलर' स्टार

गोल्डन बैचलर जोड़े के नाम से मशहूर गेरी टर्नर और थेरेसा निस्ट ने ₹गुड मॉर्निंग अमेरिका₹ के एक सेगमेंट में अपने तलाक की घोषणा की। ₹द गोल्डन बैचलर₹ के पहले सीजन में मिलने के बाद, उन्होंने इस साल की शुरुआत में जनवरी में एक टेलीविजन शो में शादी की थी। ₹गुड मॉर्निंग अमेरिका₹ के लिए जूजू चांग के साथ एक साक्षात्कार में, गैरी टर्नर ने निर्णय की घोषणा करते हुए कहा, ₹थेरेसा और मैंने कई बार एक-दूसरे से अपने दिल की बात की है और हमने अपनी स्थिति, हमारे रहने की स्थिति को करीब से देखा है। हम आपसी फैसले के रूप में इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि शायद अब समय आ गया है कि हम अपनी शादी तोड़ दें।" गैरी टर्नर ने इस बारे में बात की कि दोनों की साथ रहने की स्थिति ने निर्णय को कैसे प्रभावित किया, उन्होंने कहा, "हमने दक्षिण कैरोलिना में घरों को देखा। हमने न्यू जर्सी पर विचार किया और हमने बस एक के बाद एक घर देखे, लेकिन हम कभी उस बिंदु तक नहीं पहुंचे, जहां हमने यह निर्णय लिया हो। हमारी बातचीत में जो बात मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित करती है वह यह है कि हम दोनों अपने परिवारों के प्रति कितने समर्पित हैं... इसलिए हम इन स्थितियों को देखते हैं और हमें लगता है कि हम दोनों की खुशी के लिए अलग रहना ही सबसे अच्छा है।



### टॉलीवुड

## फिल्म निर्माता सौंदर्या जगदीश ने की आत्महत्या! विवादों में घिरा था

कन्नड़ फिल्म निर्माता सौंदर्या जगदीश का निधन हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने आत्महत्या की है। कहा जा रहा है कि जगदीश ने रविवार सुबह महालक्ष्मी लेआउट स्थित अपने घर में आत्महत्या करके अपनी जान ले ली। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सौंदर्या जगदीश के दोस्त श्रेयस ने बताया है कि उनका निधन आत्महत्या के चलते हुआ है। उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने जगदीश को मृत घोषित कर दिया था। उन्होंने बताया कि आत्महत्या की वजह जानने की कोशिश की जा रही है। जगदीश को स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या नहीं थी। निर्माता सौंदर्या जगदीश के पास कुछ दिन पहले ही बैंक की ओर से एक नोटिस आया था। जगदीश के दोस्त से जब पूछा गया कि क्या बैंक नोटिस और आत्महत्या का आपस में कोई संबंध है तो उन्होंने इसे खारिज कर दिया। उन्होंने कहा नोटिस वाला मामला कुछ समय से चल रहा था, लेकिन बिजनेस के मुद्दे अलग हैं। जगदीश के दोस्त ने बताया कि मामला सामने आते ही पुलिस को सूचना दे दी गई थी। उनकी मौत को कार्डियक अरेस्ट से जोड़ा जा रहा था, जिसे नकार दिया गया। दोस्त ने आगे कहा कि जगदीश ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। सौंदर्या जगदीश व्यवसायी और फिल्म निर्माता थे। वे एक पब के भी मालिक थे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो कुछ दिन पहले ही उनका पब एक पार्टी के चलते विवाद से घिर गया था। इसके बाद पब के लाइसेंस को अस्थायी रूप से रद्द कर दिया गया था। उनके द्वारा निर्मित प्रमुख फिल्मों में 'अप्पू पप्पू', 'रामलीला', 'स्नेहितरु' और 'मस्त मजा मादी' शामिल है।



### भोजपुरी

## 'कभी खुशी कभी गम' भोजपुरी में , दिखी प्रदीप, आम्रपाली और संचिता की तिकड़ी

अब भोजपुरी में भी 'कभी खुशी कभी गम' फिल्म बनने जा रही है। इसमें आम्रपाली दुबे, संचिता बनर्जी और प्रदीप पांडेय 'चिंटू' की तिकड़ी नजर आएगी।



फिल्म से तीनों स्टार्स का फर्स्ट लुक सामने आ गया है, जो फैंस को पसंद आ रहा है। जल्द ही इसका ट्रेलर भी रिलीज होगा। भोजपुरी पर्दे पर 'विवाह', 'विवाह 2', 'विवाह 3' जैसी फिल्में देने वाले फिल्ममेकर निशांत उज्ज्वल की अपकमिंग फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' का फर्स्ट लुक आउट किया गया है। इस फिल्म में सुपरस्टार प्रदीप पांडेय 'चिंटू', आम्रपाली दुबे, संचिता बनर्जी और महानायक कुणाल सिंह नजर आएंगे। पोस्टर में प्रदीप की बांहों में आम्रपाली और दुल्हन बनीं संचिता बनर्जी ने उन्हें पीछे से थामा हुआ है। इसे देखकर फैंस कह रहे हैं कि कहानी वाकई में लाजवाब होने वाली है।

यशी फिल्म्स-अभय सिन्हा और रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट प्रस्तुत फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' एक संपूर्ण पारिवारिक मूवी है। इसके डायरेक्टर प्रेमांशु सिंह हैं और निर्माता निशांत उज्ज्वल हैं। यूट्यूब की सबसे बड़ी भोजपुरी फिल्म 'निरहुआ हिंदुस्तानी 2' की सुपर हिट फीमेल लीड आम्रपाली दुबे और संचिता बनर्जी इस फिल्म में वापस साथ आ रही हैं। निशांत उज्ज्वल ने बताया कि 'कभी खुशी कभी गम' की कहानी लोगों के दिलों पर असर करने वाली है। फिल्म की कहानी पर खूब मेहनत की गई है। इसका निर्माण ग्रैंड लेवल पर हुआ है। म्यूजिक-गाने सुनकर दर्शक झूमने लगेंगे। फिल्म में प्रदीप पांडेय चिंटू एक बार फिर से कमाल करते दिखेंगे। चिंटू, आम्रपाली और संचिता की तिकड़ी दर्शकों का खूब मनोरंजन करने वाली है। संस्कारों और संस्कृति से जुड़ी कहानी पर ये फिल्म बड़े पर्दे पर आपको सूरज बड़जात्या की फिल्म जैसा अहसास कराएगी। उन्होंने कहा, 'हम इस फिल्म को बड़े पैमाने पर रिलीज करने वाले हैं।

## तितलियों की उड़ान

लाइफ स्टाइल

फैशन डिजाइनर अक्सर अपने अनूठे कलेक्शन की वजह से चर्चा में रहते हैं। न्यूयार्क फैशन वीक के दौरान मशहूर फैशन डिजाइनरों राल्फ लॉरेन और टॉम फोर्ड के कलेक्शन अक्सर सुर्खियों में रहते हैं लेकिन कुछ नए डिजाइनर भी अपनी कल्पना को नया रूप दे जाते हैं। डिजाइनर वोल्व जॉनसन ने तितली की थीम पर नई डिजाइन के साथ अपने मॉडल उतारे। इन्हें दर्शकों ने खूब पसंद किया।



## दमकती रहे आपकी त्वचा तो धूल-प्रदूषण से ऐसे करें बचाव

गर्मी के इस मौसम में अगर आप भी स्किन केयर पर ज्यादा पैसा खर्च करना नहीं चाहते तो अपनी त्वचा का ध्यान रखकर इसका बचाव कर सकते हैं। आपको धूल और प्रदूषण से बचाने का तरीका जरूर जानना चाहिए।

### सफाई है जरूरी

धूल के कण त्वचा में अंदर तक चले जाते हैं। ऐसे में त्वचा के रोमछिद्रों की सफाई सही से होना बेहद जरूरी है। इसके लिए क्लींजर की मदद से दिन में दो बार अपनी त्वचा की सही से सफाई अवश्य करें।

### समय-समय पर करें एक्सफोलिएट

स्मूथ त्वचा के लिए इसे समय-समय पर एक्सफोलिएट जरूर करें। वैसे तो इसके लिए आपको बाजार में तमाम तरह के स्क्रब भी मिल जाएंगे। आप चाहें तो इसके लिए घरेलू स्क्रब का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### फेशियल मास्क का करें इस्तेमाल

हफ्ते में कम से कम एक बार फेशियल मास्क का इस्तेमाल अवश्य करें। इससे आपकी त्वचा खिल उठेगी। ये प्रदूषण की वजह से डैमेज चेहरे को सही करने का काम करता है।

### फेशियल ऑयल करें इस्तेमाल

चेहरे पर अगर आप फेशियल ऑयल का इस्तेमाल करेंगे, तो ये हानिकारक तत्वों को चेहरे के पोर्स में जाने से रोकेगा।



### शीट मास्क देगा राहत

घर के बाहर के धूल और प्रदूषण से चेहरा काफी ड्राई हो जाता है। ऐसे में समय-समय पर शीट मास्क का इस्तेमाल करें। इससे आपकी त्वचा को काफी राहत मिलेगी।

## चाहिए परफेक्ट लुक तो साड़ी पहनते वक्त रखें इन बातों का भी ध्यान



फैशन

महिलाओं को इस बात का संशय काफी रहता है कि कहीं वो साड़ी में मोटी तो नहीं लग रहीं। ऐसे में आपको कुछ ऐसे टिप्स पता होना चाहिए, जिनका ध्यान आपको साड़ी पहनते वक्त जरूर रखना चाहिए।

### खुला रखें पल्लु

अगर आप चाहती हैं, कि साड़ी में आपका वजन ज्यादा ना दिखे तो आप साड़ी का पल्लु हमेशा खुला ही रखें। अगर आप इसमें प्लीट्स बना देंगी, तो आपके शरीर का ऊपर का भाग हैवी दिखेगा।



### साड़ी के वजन का रखें ध्यान

बहुत सी महिलाएं अपने वजन को लेकर काफी डरी हुई रहती हैं। ऐसे में अगर आपका वजन ज्यादा है तो हमेशा हल्के वजन वाली साड़ी को ही चुनें। अगर आप हैवी साड़ी पहनेंगी, तो आपका वजन और ज्यादा दिखेगा।

### शेपवियर देगा परफेक्ट लुक

आप अगर सादा पेटीकोट की बजाय शेपवियर के साथ साड़ी पहनेंगी तो आपका लुक ज्यादा खूबसूरत दिखेगा। शेपवियर की वजह से लुक और प्यारा दिखता है।



### रंग का रखें ध्यान

साड़ी में पतला दिखने के लिए हमेशा डार्क रंग की साड़ी का चयन करें। अगर आप हल्के रंग की साड़ी पहनेंगी तो आपका वजन ज्यादा दिख सकता है।

### फैब्रिक का होता है अहम योगदान

आपको पतला या मोटा दिखाने में साड़ी के फैब्रिक तका अहम योगदान होता है। टिश्यू और सिल्क जैसे फैब्रिक आपको मोटा दिखा सकते हैं लेकिन अगर आप पतली दिखना चाहती हैं तो शिफॉन या जोर्जेट के कपड़े की साड़ी को चुनें।

## फ्लोरल ऑयल की मदद से करें बालों की केयर

अगर आप नेचुरल तरीके से अपने बालों की केयर करना चाहते हैं तो ऐसे में फ्लोरल ऑयल का इस्तेमाल करना अच्छा आइडिया हो सकता है। आप कई फ्लोरल ऑयल को अपने हेयर केयर रूटीन का हिस्सा बना सकती हैं।

### लैवेंडर ऑयल

लैवेंडर ऑयल को अपनी सूदिंग प्रोपर्टीज के लिए जाना जाता है। जब आप इसे अपने हेयर केयर (हेयर केयर टिप्स) रूटीन में शामिल करते हैं तो इससे ना केवल हेयर ग्रोथ में मदद मिलती है, बल्कि हेयर लॉस भी कम होता है। साथ ही साथ, स्कैल्प इरिटेशन को होने पर भी लैवेंडर ऑयल का इस्तेमाल करने से बहुत फायदा मिलता है। लैवेंडर ऑयल का इस्तेमाल करने के लिए इसकी कुछ बूंदों को नारियल या जोजोबा तेल जैसे करियर ऑयल के साथ मिक्स करें। अब इससे स्कैल्प पर हल्की मसाज करें और आधे घंटे के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अंत में, बालों को माइल्ड शैम्पू से क्लीन करें।

### जैस्मीन ऑयल

जैस्मीन ऑयल को स्कैल्प और बालों के लिए काफी अच्छा माना जाता है। जिन लोगों के बाल बहुत अधिक रुखे या कमजोर होते हैं, उन्हें जैस्मीन ऑयल को अपने हेयर केयर रूटीन में शामिल करना चाहिए। जैस्मीन ऑयल की कुछ बूंदों को आप आर्गन या बादाम तेल के साथ मिक्स करें। अब इसे अपनी स्कैल्प व बालों पर लगाएं और करीबन आधे से एक घंटे के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद बालों (बालों के लिए टिप्स) को शैम्पू कर लें। आप चाहें तो अपने रेग्युलर शैम्पू या कंडीशनर में भी जैस्मीन ऑयल की कुछ बूंदों को मिक्स कर सकते हैं।



## चूड़ियों के साथ में पहनें कंगन के कुछ नए डिजाइंस, जानें सेट बनाने का आसान तरीका

ट्रेडिशनल लुक में चार चांद लगाने के लिए चूड़ियों का रोल अहम होता है। आपके लिए कंगन के कुछ खूबसूरत डिजाइंस जिन्हें आप चूड़ियों के साथ सेट बनाकर पहन सकती हैं और अपने ट्रेडिशनल लुक को पूरा कर सकती हैं।

### पर्ल कंगन के साथ चूड़ी सेट

पेस्टल कलरके कपड़ों के साथ में इस तरह के पर्ल कंगन और लाइट कलर की चूड़ियां बेहद खूबसूरत लुक देने में मदद करती हैं। इसमें आप बारीक मोती वाले डिजाइन के कंगन को चुन सकती हैं। चूड़ियों के शुरुआत में और आखिर में चौड़े डिजाइन के कंगन को जोड़ सकती हैं।

### कुंदन डिजाइन के कंगन के साथ चूड़ियां

कुंदन डिजाइन देखने में काफी रॉयल लुक देने में सहायता करता है। इस तरह के आप 2- 2 कंगन चूड़ियों के शुरुआत और आखिर में मीडियम चौड़े कंगन खरीद सकती हैं। इसमें आपको गोल्डन के कई अलग-अलग शेड्स में डिजाइन देखने को मिल जाएंगे।



### कलरफुल चूड़ियों का सेट

कलरफुल में आप अपनी आउटफिट के रंग के हिसाब से बीड्स के अलग-अलग साइज वाली चूड़ियां और कंगन को आपस में मैच करके सेट बना सकती हैं। इसके अलावा अगर आपकी आउटफिट में एक से ज्यादा रंग मौजूद हैं तो इस कंगन और चूड़ियों का कलर कंट्रास्ट बनाकर हाथों में पहन सकती हैं।

**कार्नर न्यूज**

**चिलचिलाती धूप में निकलने से पहले अपने कपड़े मौसम के अनुकूल रखें**

## गर्मी में ठंडक के लिए इस तरह पहनें कपड़े, पसीने से भी मिलेगी राहत और रहेंगे कूल

*गर्मी से बचने के लिए कपड़ों का चुनाव भी सही तरीके से करना होगा। तब जाकर चिलचिलाती धूप और पसीने से राहत मिल सकती है। समर सीजन में कई स्टाइल व डिजाइन की ड्रेस आती हैं। सूती कपड़े,हाफस्लीव शर्ट्स ,टी-शर्ट्स कई लोग मानते हैं कि उपरोक्त चीजों को खरीदने से राहत मिल जाएगी। मगर ये अधूरे ज्ञान की तरह है। आपको परफेक्ट समर ड्रेस खरीदने के साथ-साथ उसको सही तरीके से पहनना भी आना चाहिए। उनको सही तरीके से पहनने पर ही कम गर्मी लगेगी या धूप से बचाव होगा और पसीने से राहत मिलेगी। इसलिए हम यहां पर समर सीजन में कपड़े पहनने के तरीके पर बात करने वाले हैं।*



### लूज कपड़े पहनें

गर्मी के मौसम में लूज ड्रेस पहननी चाहिए। कई लोग बहुत टाइट कपड़े पहनते हैं जिसकी वजह से उनको काफी पसीना आता है। इसका कारण है कि त्वचा कपड़े से कस जाती है। इसके बाद पसीना और अधिक निकलने लगता है। इसलिए तंग कपड़े नहीं पहनने चाहिए।

इससे न केवल पसीना निकलता है बल्कि आर्मपिट्स और अन्य जगह पर त्वचा छिल जाती है। इसलिए कभी भी गर्मी के सीजन में तंग कपड़ों को नहीं पहनें। टी-शर्ट, शर्ट्स, जींस आदि लूज होने से आराम मिलेगा। अगर आपको कंफर्ट चाहिए तो इस बात को जरूर याद रखें।

### लेयरिंग करें

ये क्या, गर्मी के सीजन में लेयरिंग! हां, आप सही सुन रहे हैं। समर सीजन में लेयरिंग करना हाथों की त्वचा के लिए सही है। साथ ही आपको पसीने से राहत दिलाने के लिए काफी है। आपको लेयरिंग करते वक्त कुछ बातों का खासतौर पर ध्यान देना होगा। जैसे- लेयरिंग करने के लिए सॉलिड टी-शर्ट या टीज लें जो कॉटन की होनी चाहिए। ये आपके पसीने को सोखने का काम करेगी। साथ ही तेज गर्मी में स्किन का बचाव करेगी। मगर कभी भी इसके ऊपर पहनने वाली शर्ट के बटन को बंद न करें।



### बनियान पहनना न भूलें

कई लोगों को बनियान/गंजी पहनने की आदत नहीं होती है। वे लोग सीधे शर्ट या टी-शर्ट पहन लेते हैं। आपको गंजी पहननी चाहिए। खासकर सूती की हल्की गंजी को पहनें। इससे आपके शरीर से निकलने वाला पसीना सूख जाएगा और वह शर्ट को गीला नहीं करेगा।